

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 02, अंक : 76 | रांची, मंगलवार, 25 फरवरी 2025 (फाल्गुन कृष्ण 13, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## भागलपुर से प्रधानमंत्री ने किसानों को दी बड़ी सौगात, 9.80 करोड़ अन्नदाताओं के खाते में भेजे 22,000 करोड़ रुपये

# पशुओं का चारा खाने वाले किसानों की स्थिति नहीं बदल सकते: मोदी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

❑ पीएम ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर बोला हमला ❑ भागलपुर, मुंगेर और बक्सर में होगी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना

**भागलपुर।** सिल्क सिटी भागलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाम लिये बिना लालू यादव-राबड़ी देवी पर निशाना साधा। मोदी ने कहा- 'जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वे कभी किसानों की स्थिति नहीं बदल सकते। कांग्रेस हो या जंगलराज वाले, इनके लिए किसान कल्याण कोई मायने नहीं रखता। जंगलराज वाले को हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। महाकुंभ भारत की एकता व समरसता का महोत्सव है। यूरोप की जनसंख्या से भी अधिक लोग इसमें डुबकी लगा चुके हैं। जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। ऐसे लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा।' पीएम मोदी सोमवार को भागलपुर स्थित हवाई अड्डा मैदान में आयोजित किसान सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा-'कांग्रेस शासन ने बिहार को बदनाम किया, लेकिन अब बिहार का वही शान होगा, जो पहले रहा था।' किसान सम्मान समारोह में पीएम मोदी ने डीबीटी के माध्यम से किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के रूप में देश भर के 9.80 करोड़ किसानों के खाते में 22,000 करोड़ रुपये भेजे।

**नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसानों का तेजी से विकास :** पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र में एनडीए व बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसानों का तेजी से विकास हो रहा है। छह वर्ष पूर्व फरवरी-2019 में किसान सम्मान निधि की योजना की शुरुआत हुई थी। आज 19वीं किस्त भागलपुर से जारी की गयी है। हमारी सरकार किसानों की भलाई के लिए काम करती है। यूरिया व डीएपी के 12 लाख करोड़ रुपये किसानों की जेब से जाने थे, वो केंद्र सरकार ने बजट से दिये हैं। शेष पेज 08 पर



### बिहार में कृषि रोड मैप लागू करने से उत्पादन बढ़ा: सीएम नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह गौरव की बात है कि आज किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में जा रही है। बिहार में कृषि रोड मैप लागू करने से उत्पादन बढ़ा है। मछली उत्पादन में बिहार आज आत्मनिर्भर है। केंद्र सरकार के बजट में उद्योग, सड़क, बाढ़ नियंत्रण व पर्यटन को बढ़ावा मिला है। अब ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और मखाना बोर्ड की स्थापना का प्रावधान भी बजट में किया गया है। कुमार ने भी लालू-राबड़ी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा-उनकी सरकार में बिहार का 28,000 करोड़ का बजट हुआ करता था, आज यह बढ़कर 3,00,000 करोड़ से अधिक का हो गया है। उनकी सरकार में न सड़क अच्छी थी, न बिजली की आपूर्ति, न ही विधि व्यवस्था। मुश्किल से आठ घंटे बिजली मिलती थी। एक समय था, जब एनडीए की सरकार नहीं थी, उस समय शाम को भी लोगों का घर से निकलना मुश्किल था। जो मुस्लिम का वोट लेते थे, वो हिंदू-मुस्लिम के बीच लड़ाई करवाते थे। प्रगति यात्रा में मैंने विभिन्न जिलों में जाकर कमियां देखी हैं। इसे दूर करने के लिए काम करेंगे।

### एनडीए ने बदल दी है छोटे किसानों की किस्मत : शिवराज सिंह चौहान

इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एनडीए की सरकार में छोटे किसानों की किस्मत बदल रही है। आज का दिन किसानों के लिए होली-दीपावली है। एनडीए की सरकार में किसानों को सस्ते दामों में यूरिया व डीएपी मिल रहा है। किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मखाना बोर्ड की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम लगातार काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची: 24 घंटे के भीतर तबादले में संशोधन, हटाये गये नामकुम थाना प्रभारी



**रांची।** रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को 24 घंटे के भीतर अपने आदेश को बदलना पड़ा। 23 फरवरी को उन्होंने थाना प्रभारियों का तबादला किया था। 24 फरवरी को उन्हें अपने आदेश में संशोधन करना पड़ा। शेष पेज 08 पर

### केंद्र सरकार ने बढ़ायी राशन कार्ड के ई-केवाईसी कराने की तारीख



**रांची।** झारखंड के 61 लाख से अधिक राशन धारियों के लिए अच्छी खबर है। अब राज्य के 61,03,667 परिवार 31 मार्च 2025 तक अपने राशन कार्ड का ई-केवाइसी करा सकते हैं। क्योंकि केंद्र सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। शेष पेज 08 पर

### झारखंड के चतरा से 15 लाख का इनामी नक्सली आक्रमण गंझू गिरफ्तार



**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले की पुलिस ने 15 लाख के इनामी नक्सली कमांडर आक्रमण गंझू को गिरफ्तार किया है। वह एनआईए की ओर से दर्ज टेरर फंडिंग के केस में भी लंबे समय से वांटेड था। आक्रमण गंझू को गुप्त सूचना के आधार पर उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह प्रयागराज में अपनी पत्नी और भाई के साथ महाकुंभ स्नान के बाद लौट रहा था। शेष पेज 08 पर

## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र हुआ शुरू, राज्यपाल संतोष गंगवार बोले

# जनता के दिलों में बसती है हमारी सरकार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ ही सोमवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हो गई। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में विधानसभा चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण संपन्न होने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए जनादेश का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि अपार जनादेश सिद्ध करता है कि उनकी सरकार जनता के दिलों में बसती है। सरकार भी प्रदेश की जनता को अपने हृदय में आत्मसात कर उनके कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। राज्यपाल ने लगभग एक घंटे के अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों का विस्तार से उल्लेख किया।

**सरकार की उपलब्धियों को भाजपा ने ठहराया गलत :** सरकार की उपलब्धियों को गलत ठहराते हुए भाजपा विधायकों ने अपनी सीट पर खड़ा होकर विरोध किया। बीच-बीच में हल्की टोकाटोकी की। वहीं, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाकर राज्यपाल के अभिभाषण का स्वागत किया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में अबुआ आवास योजना तथा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं के लाखों लाभुक अपने जीवन में आए बदलाव की कहानी सुना रहे हैं। उनकी सरकार 28 नवंबर 2024 से ही विकसित झारखंड की यात्रा की शुरुआत कर दी है। कुल 48,504 रिक्त पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा जेएसएससी को भेजी जा चुकी है, जिनमें 46,552 पदों के लिए विज्ञापन भी जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अधिक प्रभावशाली तरीके से अंकुश लगाया जा रहा है तथा भ्रष्ट लोक सेवकों की ट्रैपिंग भी की जा रही है। भ्रष्टाचार के आरोपों में इस वर्ष कुल 59 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 43 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। 52 सफल ट्रैप किए गए हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने साइबर अपराध का भी जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में कुल 274 कांडों में 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। 66 करोड़ से अधिक राशि को फ्रीज करते हुए तीन करोड़ से अधिक राशि पीड़ितों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। नक्सलियों का उन्मूलन और कानून का राज सरकार की प्राथमिकता है। शेष पेज 08 पर



### नेता प्रतिपक्ष के बिना बजट सत्र शुरू

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष के बिना ही झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरु हो गया। चुनाव परिणाम आने के 3 माह बाद भी विपक्षी पार्टी भाजपा अपना नेता नहीं चुन पायी। बजट सत्र के पहले दिन 21 नये सदस्यों ने हिस्सा लिया।

### भाजपा ने राज्यपाल के अभिभाषण को बताया दिशाहीन



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने राज्यपाल संतोष गंगवार के अभिभाषण को दिशाहीन करार दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि अभिभाषण में झूठ ज्यादा था। राज्यपाल को दिशाहीन बजट पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सत्ताधारी दलों के विधायकों में कोई उत्साह नहीं दिखा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अभिभाषण के दौरान उत्साहित नहीं दिखे। जिस तरह से लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान मेज थपथपाकर लोगों का उत्साहवर्धन किया जाता है, वैसा आज कहीं नहीं दिखा।



वहीं नेता प्रतिपक्ष नहीं चुने जाने के सवाल पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार राज्य के विकास और संवैधानिक आयोगों के गठन को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार चार साल तक नेता प्रतिपक्ष रहने के बावजूद इन लोगों ने मामले को लंबित रखा। उन्होंने कहा कि आज भी विधानसभा न्यायाधिकरण से उनके दलबदल पर फैसला नहीं आया है।

## झारखंड फिर शर्मसार

# खूंटी में पांच नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी

◻ 18 लड़कों ने किया सामूहिक दुष्कर्म
◻ आरोपियों को भेजा गया बालसुधार गृह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** झारखंड में खूंटी जिला के रनिया थाना क्षेत्र में पांच नाबालिग आदिवासी लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शामिल सभी 18 नाबालिग किशोरों को निरुद्ध कर, विधि सम्मत बाल सुधार गृह भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तोरपा एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल 14 से 17 वर्ष के सभी किशोर लड़कों को पकड़कर निरुद्ध किया। सोमवार को सभी पीड़िताओं की मेडिकल जांच सदर अस्पताल खूंटी में करायी गयी। मामले की जानकारी लेने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर सोमवार को तोरपा पहुंचीं। पीड़ित लड़कियों से मिलकर घटना की जानकारी ली। डालसा सचिव ने पीड़ित लड़कियों से मिलकर घटना की जानकारी ली। समाज को शर्मसार करने वाली यह घटना तीन दिन पूर्व शुक्रवार रात लगभग दस बजे की है।


जानकारी के अनुसार, रनिया थाना क्षेत्र में अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी के पूर्व होने वाले आयोजन लोटा पानी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी लड़कियां रात में अपने गांव लौट रही थीं। रास्ते में कारो नदी के पास जब सभी लड़कियां पहुंचीं, तो पीछे से 17- 18 लड़के उनका पीछा करते हुए, वहां पहुंच गए और सभी लड़कियों को घेरकर पकड़ लिया और अलग-अलग क्षेत्रों में ले जाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शेष पेज 08 पर

# जैक मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की एसआईटी करेगी जांच, तीन और गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र आउट होने के मामले की जांच एसआइटी करेगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने अपनी सहमति दे दी है। इसके बाद विभाग ने एसआइटी के गठन का प्रस्ताव गृह विभाग को भेज दिया है। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी हो जायेगी। मामले में कोडरमा पुलिस ने शनिवार की देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह के कोचिंग संस्थान से तीन संदिग्ध छात्रों को हिरासत में लिया है।

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने दी सहमति




**गिरिडीह के हैं हिरासत में लिये गये सभी छात्र :** हिरासत में लिये गये सभी छात्र गिरिडीह के बताये जा रहे हैं। तीनों से पूछताछ जारी है। सभी युवक सिहोडीह के ही एक कोचिंग संस्थान के छात्र बताये जा रहे हैं। कोडरमा, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम और गढ़वा जिलों में जांच के क्रम में लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में जिलों में प्राथमिकियां भी दर्ज की गयी हैं। अब तक की जांच में दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें कोचिंग संचालक, शिक्षक व परीक्षार्थी शामिल हैं।

**सभी जिलों की जांच एक साथ करेगी एसआइटी :** कुछ आरोपियों के मोबाइल भी जब्त किये गये हैं। अब तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि जैक बोर्ड प्रश्न पत्र कहां से और कैसे लीक हुआ था। शेष पेज 08 पर




### पाक चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, न्यूजीलैंड और भारत सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने सोमवार को बांग्लादेश को लीग मुकाबले में 5 विकेट से हराकर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब ग्रुप एक भारत और न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीम आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। शेष पेज 08 पर

# कोल्हान विवि में डेढ़ करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े मामले में बैंक मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के बैंक खाता से 1 करोड़ 58 लाख 96 हजार 800 रुपये की अवैध निकासी के मामले में पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 लाख 80 हजार रुपये नगद, 5 मोबाइल फोन, एक एटीएम और 73 बैंक चेक बरामद किए हैं।

**संदिग्ध बैंक कर्मचारियों की गिरफ्तारी :** गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पहला आरोपी संजय कुमार, रांची के कडरू स्थित ईएसएएफ बैंक का एसिस्टेंट मैनेजर है। दूसरा आरोपी अमृता शर्मा, बोकारो जिले के चास स्थित येस बैंक की कर्मचारी हैं। तीसरा आरोपी धनंजय कुमार प्रजापति, बोकारो जिले के कसमार थाना क्षेत्र का निवासी है और अस्थायी रूप से रामगढ़ में रह रहा था।




**जानकारी मिलते ही पुलिस ने की कार्रवाई :** पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने 19 फरवरी 2025 को मुफ्फसिल थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि अज्ञात अपराधियों ने विश्वविद्यालय के बैंक खाता से 1 करोड़ 58 लाख रुपये की अवैध निकासी की। शेष पेज 08 पर

# सरकारी कर्मचारियों को 1000 की जगह ₹500 मिलेंगे चिकित्सा भत्ता

कुमार राजेश

◻ वित्त विभाग ने जारी किया आदेश, कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड सरकार के कर्मियों को 1000 की जगह 500 रुपये चिकित्सा भत्ता दिया जाएगा। इसका आदेश वित्त सचिव प्रशांत कुमार ने 24 फरवरी, 2025 को जारी किया। इसकी जानकारी सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, आयुक्त, उपायुक्त, कोषागार व उप कोषागार पदाधिकारी को दी गई है। आदेश पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

आदेश में वित्त सचिव ने कहा कि राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने के संबंध में स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का संकल्प (संख्या 13 (13), दिनांक 24.1.2025) निर्गत है। उक्त संकल्प की कंडिका-4 के अनुसार वर्तमान में राज्य सरकार के सभी कर्मियों को प्रति माह 1000 रुपये चिकित्सा भत्ता दिया जाता है। इस योजना के तहत राज्य सरकार के सभी कर्मियों को 500 रुपये प्रतिमाह की दर से वर्तमान में 6 हजार रुपये वार्षिक प्रीमियम की राशि की कटौती कर ली जायेगी। बीमा के लिए प्रीमियम की राशि समय-समय पर विभाग के द्वारा अधिसूचित किया जायेगा। शेष पेज 08 पर

# युवा पीढ़ी के कंधों पर जेके में शांति का जिम्मा : शाह

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में वतन को जानो कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के युवाओं से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान विकास के लिए शांति को आवश्यक बताया और कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति को स्थायी बनाने का जिम्मा युवा पीढ़ी के कंधों पर है।

वतन को जानो कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर से आए 200 स्कूली विद्यार्थियों से संवाद के दौरान अमित शाह ने कहा कि विकास तभी आ सकता है, जब शांति होती है। इसलिए युवाओं की जिम्मेदारी है कि आप जम्मू-कश्मीर लौटने पर अपने माता-पिता और मोहल्ले के लोगों को समझाएं कि पूरा देश शांति से जी रहा है और हमें भी शांति से जीना होगा।




◻ नई दिल्ली में वतन को जानो कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के युवाओं से की बातचीत

उन्होंने बच्चों से कहा कि जम्मू-कश्मीर के साथ पूरा देश आपका है, इस भाव के साथ वापस जाएं। अमन और शांति ही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के बच्चों को शांति का असल वाहक बताते हुए कहा कि कोई सरकार वहां शांति नहीं रख सकती है। उन्होंने कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का प्रत्येक बच्चा अपने माता-पिता और मोहल्ले वालों का यह समझा दे कि पूरा देश हमारा है। सबके साथ अमन और शांति के साथ रहना है। यहां से दहशतगर्दी को निकालना है तो पुलिस और सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है, जब जम्मू-कश्मीर के किसी युवा के हाथ में हथियार नहीं होगा। ऐसा होने पर हथियार वाली सेना की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। हर जगह सेना बॉर्डर पर होती है आपके यहां से भी सेना बॉर्डर पर चली जाएगी।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद और दहशतगर्दी से किसी का फायदा नहीं है। हजारों लोग पिछले 30 साल में 38 हजार लोग कश्मीर में लोग मारे गए हैं। अब नागरिकों की मृत्यु में 80 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि उन्होंने इस आंकड़े को शत प्रतिशत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी घटनाओं में जम्मू-कश्मीर का एक भी युवा मरना नहीं चाहिए।

शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बच्चे यहां वतन को जानो में भाग लेने के लिए एकत्र हुए हैं। शेष पेज 08 पर

# टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों को हवाई जहाज से भेजा गया तेलंगाना



◻ सीएम हेमंत सोरेन के आदेश के बाद गुमला जिला प्रशासन ने उठाया कदम

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और जिला प्रशासन के कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किए। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**यह है वर्तमान स्थिति :** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल 8 श्रमिक फंसे हुए हैं। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### दिव्यांग मां के सामने बेटे ने की खुदकुशी

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गारी बडका टोली के कुनुल तोपनो उम्र 36 वर्ष ने रविवार को अपने विकंलाग मां के सामने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार कुनुल तोपनो रविवार को अपने घर में दिव्यांग मां के सामने रस्सी का फंदा गले में लगाकर उस पद लटक गया। बताया जाता है कि कुनुल की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह हमेशा डिप्रेशन में रहता था। कुनुल की मां की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग वहां पहुंचते, तब तक कुनुल की मौत हो चुकी थी। जरियागढ पुलिस रविवार शाम में शव का पंचनामा कर उसे थाना ले गये। सोमवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिवार में विकलांग मां, पत्नी और सात वर्ष की एक बेटी है।

### सोनाहातू : सहायक शिक्षक का निधन

**सोनाहातू।** राजकीयकृत उत्क्रमित



मध्य विद्यालय बाजार टांड़, सोनाहातू के सहायक अध्यापक 49 वर्षीय पुष्कर सिंह मुंडा का सोमवार को रिम्स में ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे शनिवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उसके बाद ईलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। उनके निधन पर सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष पुरन महली, उपाध्यक्ष गणपति महतो, सचिव अनिल कुमार महतो, कमला देवी समेत सरकारी शिक्षकों व सभी सहायक अध्यापकों के अलावे बीआरसी कर्मियों ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए शोक व्यक्त किया है।

### अवैध रुप से बालू लदा हाइवा पलटा

**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मार्ग सिल्ली हड़वाडीह पुल के समीप रविवार देर रात लगभग 11बजे तेज गति से जा रहे अवैध बालू लदा हाइवा पलटने से चालक बाल बाल बचा। वाहन मालिक दुर्घटना के बाद बालू के चालन के लिए इधर उधर भटक रहे थे। सोमवार को सुबह हाइड्रा के मदद से ट्रक को उठाया गया। जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात सिल्ली श्याम नगर राढ़ु नदी घाट से अवैध बालू लदा हाइवा रांची जा रहा था। इसी क्रम में हाड़वाडीह पुल के समीप पलट गया।ग्रामीणों ने बताया कि रात भर में दो ट्रिप करने के चक्कर में रात को बालू लदा वाहन तेज गति से चलते है। देर रात बालू माफिया एवं स्थानीय प्रशासन के मिली भगत से एक चालन में बालु लदा वाहन के द्वारा दो ट्रिप किया जा रहा है।उक्त दुर्घटना ग्रस्त हाइवा रांची के सोनू कुमार का बताया जाता है।हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में सिल्ली थाना में कोई मामला दर्ज नहीं की गई है।

## डीसी ने विभिन्न परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक, कहा

# भूमि अधिग्रहण में मुआवजे की प्रक्रिया को जल्द पूरी करें कंपनी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में कई योजनाएं एक साथ संचालित हो रही है। योजनाओं को लेकर भूमि अधिग्रहण एक बड़ा मुद्दा बन गया है।



मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण सड़क पर उतर रहे हैं और योजनाएं गति नहीं पकड़ पा रही। डीसी चंदन कुमार ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के सभी मामलों को तत्काल निष्पादित करने के लिए सभी एजेंसियों को निर्देश दिया है। समाहरणालय सभागार में सोमवार को उन्होंने आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। डीसी ने कार्यों में तेजी लाने, संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को लेकर संबंधित ग्राम सभा सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने को कहा।

डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन का निर्देश अधिकारियों को दिया। डीसी ने अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के बाद मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

डीसी चंदन कुमार ने कहा कि सभी परियोजनाओं के पदाधिकारी अपनी समस्याओं से तत्काल अवगत कराएं। कई बार कंपनी अपने स्तर पर पहल करती है और समस्या सुलझाने के बजाय विकराल रूप ले लेती है। ऐसे में विकास कार्यों में अड़चन कभी खत्म नहीं होती। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## कई प्रखंडों में चला अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने का अभियान



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को खूंटी प्रखंड की तिरला पंचायत समेत अन्य प्रखंड और पंचायतों में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

अभियान के दौरान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से बड़ी मात्रा में अवैध फसल को नष्ट किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया समेत स्थानीय लोगों के साथ बैठक भी की गई। बैठक में ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव एवं कानूनी पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित किया गया। उसके बाद अफीम के फसलों को नष्ट करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय लोगों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी विस्तार से दी जा रही है तथा उन्हें वैकल्पिक और लाभकारी खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध अफीम की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हरमू ग्राउंड में व्यावसायिक व राजनीतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर लगे रोक

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** हरमू, रांची में रहनेवाले सिविल इंजीनियर वेदांत कौस्तव ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड से हरमू ग्राउंड के व्यावसायिक और राजनीतिक उपयोग पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इस संबंध में बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान से मिलकर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें कहा है कि हरमू हाउसिंग कॉलोनी राजधानी रांची के सबसे बड़े आवासीय क्षेत्रों में से एक है। यहां बड़ी आबादी बसती है। इस कॉलोनी का निरंतर विस्तार हो रहा है। इतनी बड़ी कॉलोनी में हरमू चौक के ठीक सामने एक ही खेलकूद का मैदान है। लेकिन इस मैदान का हमेशा से व्यावसायिक कार्यों, प्रदर्शनी, मेले, राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। कई मौके पर यहां महीने भर तक व्यापार के मेले लगे रहते हैं। इन वजहों से इस मैदान का उपयोग न खेलकूद कार्यों में होता है और न ही लोग मॉर्निंग,



सिविल इंजीनियर वेदांत कौस्तव ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड को सौंपा ज्ञापन

इवनिंग वॉक में निकल पाते हैं। जब भी यह मैदान खाली रहता है, तो युवा और बच्चे खेलकूद का अभ्यास करते हैं। वे इस मैदान में कई मैच के आयोजन भी करते हैं।

इनके अलावा इस खेल मैदान के रख-रखाव पर ध्यान देना भी जरूरी है। व्यावसायिक और राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर मैदान में जगह-जगह खंभे, बांस-बल्ली गाड़े जाते हैं। इसके बाद वे सभी गड्ढे छोड़ दिए जाते हैं। मेले, प्रदर्शनी में लोगों के आने- जाने के कारण गंदगी का अलग अंबार लग जाता है। व्यावसायिक कार्यक्रमों के चलते युवा, बच्चे खेलकूद का अभ्यास करने से भी वंचित होते रहे हैं। यातायात और विधि व्यवस्था की भी समस्या बनी रहती है।

मैदान का उपयोग सिर्फ खेलकूद और वॉकिंग के लिए हो, यह इस कॉलोनी के लोगों की मांग भी रही है। इसलिए इस मामले में गंभीरता से विचार करते हुए इस मैदान का उपयोग सिर्फ खेलकूद और वॉकिंग कार्यों के लिए ही रहने दिया जाए। वैसे भी राजधानी रांची में खेलकूद के मैदान और लोगों के घूमने- टहलने के स्पेस कम होते जा रहे हैं। शहरीकरण की होड़ में इन बातों पर गौर करना जरूरी है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए एक सार्वजनिक तौर पर एक नोटिस का प्रकाशन किया जाए कि हरमू मैदान का उपयोग किसी व्यावसायिक, राजनीतिक कार्यक्रमों में नहीं किया जा सकता है।

## दुलमी बीडीओ की लापरवाही से बेलगाम हुए पंचायत और रोजगार सेवकः डीडीसी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड में अबुआ आवास योजना के प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी भारी लापरवाह दिख रहे हैं। उनकी लापरवाही की वजह से पंचायत सेवक और रोजगार सेवक भी बेलगाम हो गए हैं।

यह लापरवाही तब उजागर हुई जब डीडीसी रोबिन टोप्पो दुलमी प्रखंड के गांवों में निरीक्षण करने पहुंचे। जांच इस दौरान उन्होंने सरकारी योजना के तहत की गई बागवानी, कुआं के निर्माण और अबुआ आवास योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह स्पष्ट हो गया की पंचायत सेवक और रोजगार सेवक पारदर्शी तरीके से अपने कार्यों का



निष्पादन नहीं कर रहे हैं। साथ ही प्रखंड स्तर पर भी अनुश्रवण एवं नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। डीडीसी रोबिन टोप्पो अबुआ आवास योजना अंतर्गत दुलमी प्रखंड के जमीर पंचायत के पेसाराटांड़ में शनिचरिया देवी पति संतोष मुंडा के आवास का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने देखा कि लिंटर लेवल तक कार्य किया गया है और छत की ढलाई के लिए तीसरी किस्त की राशि का इंतजार लाभुक कर रही है। इसी योजना के अंतर्गत बहातु गांव में दो लाभुकों के आवास का निरीक्षण भी किया गया। जिसमें पाया गया कि तीसरी किस्त की वजह से छत की ढलाई रुकी हुई है। उन दोनों लाभुकों द्वारा भी यह बताया गया की राशि मिलने में काफी समय लग रहा है और काफी कठिनाई हो रही है। 21 फरवरी तक उन्हें तीसरी किस्त का भुगतान नहीं किया गया था। जिससे यह स्पष्ट हो गया की पंचायत सेवक और रोजगार सेवक द्वारा पारदर्शी तरीके से कार्य का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। कर्मियों की लापरवाही पर डीडीसी ने सभी को कड़ी फटकार लगाई और इस मामले पर कड़ी टिप्पणी की है। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने दुलमी बीडीओ को चिट्ठी लिखकर प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं का सतत पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं समुचित नियंत्रण करने का निर्देश दिया है। साथ ही अबुआ आवास योजना में पारदर्शी तरीके से अपेक्षित प्रगति लाने को कहा है।डीडीसी रोबिन टोप्पो ने दुलमी प्रखंड क्षेत्र में निरीक्षण किया तो पंचायत सेवक और रोजगार सेवकों के कार्यों को लेकर आम लोगों ने भी चर्चा शुरू कर दी। आम नागरिक और लाभुक कमीशन के चक्कर में परेशान होने की बात करने लगे।

## लोवाहातू पंचायत भवन में जस्टिस ऑन व्हील मोबाइल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** झालसा के निर्देश पर न्याय आयुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक प्राधिकार के मार्गदर्शन पर प्रखंड के लोवाहातू पंचायत भवन में जस्टिस ऑन बिल मोबाइल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डालसा के अधिवक्ता शिवानी सिंह, पीएलवी जगदीश महतो, सुभाष चंद्र महतो, दिलखुश महतो,पुष्पा देवी, संजय भगत, आदि मौजूद थे।कार्यक्रम में दुष्कर्म पीड़ित मुआवजा,मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा दिलाने की जागरूकता पर अधिक फोकस किया गया।

लोगो को कैसे निःशुल्क विधिक सेवा मिले इसकी भी जानकारी दिया गया। बालविवाह,बाल मजदूरी, शिक्षा के अधिकार, विशेष लोक अदालत, डायन बिसाहा, भूमि अधिग्रहण, आदि की जानकारी दिया गया। इस दौरान लोगों के बीच कानूनी जानकारी की पुस्तिका, पंपलेट, लिफलेट आदि का वितरण किया गया। लोक अदालत पर विशेष फोकस किया गया ओर लोगों को इसका लाभ लेने की अपील किया गया।

## महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर, शाम 03 बजे से रात 11 बजे तक सिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश बंद

**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया है जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक, पदाधिकारी एवं शांति समिति के लोग शामिल हैं।


भव्य आयोजन के तैयारी के लिए समिति के संरक्षक प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बीडीओ अनिल कुमार, सीओ अरुणिमा एक्का, अध्यक्ष नरोत्तम गोराई, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर समेत सभी सदस्य



जुटे हुए हैं। परिसर को नये कलेवर में सजाकर मंदिर परिसर की भव्यता को अंतिम रूप दिया गया है। समिति के ओर से जानकारी दी गई है कि बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में रुद्राभिषेक, शिव बारात की स्वागत, शिव पार्वती विवाह, भंडारा एवं देर शाम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

जिसमें जमशेदपुर के कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे। महाशिवरात्रि के दिन सिल्ली के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सिल्ली बजार के मुख्य सड़क पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी ने निर्देश जारी किया कि शाम 3 बजे रात 11 बजे तक सिल्ली बजार में भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

## बैंक ऑफ इंडिया का एक मुश्त समझौता ऋण मुक्ति शिविर आज




**सिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया के सिल्ली शाखा द्वारा लोटा पंचायत भवन में 25 फरवरी दिन मंगलवार को एकमुश्त समझौता ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस समझौता शिविर में बैंक द्वारा एनपीए ऋण खाते जिनमें ऋणी की मृत्यु हो चुकी है एवं ऋण बकाया है, उनके परिजनों से एकमुश्त समझौता कर उन्हें ऋण से मुक्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही ऐसे ऋणी जो बिलकुल भी ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं है उनको भी इस योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक डेविड खलखो ने बताया कि इस समझौता शिविर का लाभ उठाने वाले इच्छुक ऋणियों जो एक मुश्त संपूर्ण राशि जमा कराएगा उसको अतिरिक्त छूट का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं एवं ऋण से मुक्ति पाएं।

### अगलगी घटना के मृतक के परिजनों से मिले सुदेश



**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के डिवाडीह गांव में 13 फरवरी को आग लगी में पति पत्नी जिंदा जल गए थे। घटना से आहत पूर्व विधायक सुदेश महतो मृतक के परिजनों से सोमवार को मुलाकात किये। शोक व्यक्त कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो, ग्रामप्रधान मनोहर पातर, मंगरु कुम्हार,वचन हजाम, दलेल चन्द्र महतो, ज्ञान रंजन महतो, शिव चरण सिंह मुंडा,राधेश्याम साहू, दीपक कुम्हार, गणेश महतो, लक्ष्मण महतो,आदि मौजूद थें।

### नि :शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर सम्पन्न



**सिल्ली।** सिल्ली धर्मशाला परिसर में लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 153 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 77 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन 24 फरवरी को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा। शिविर को सफल आयोजन में प्रवीण अगरवाल , आयुष अग्रवाल, प्रशान्त रविदास , प्रथम अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, उपेंद्र लाल महतो, एलिजाबेथ दीदी आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### रोजगार मेला में 70 लोगों को मिली नौकरी

**खूंटी।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, खूंटी द्वारा सोमवार को नियोजनालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेला में 70 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मौके पर ही दस लोगों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इसके पूर्व श्रम अधीक्षक, खूंटी, सहायक निबंधक, सहयोग समिति, खूंटी और जिला नियोजन पदाधिकारी, खूंटी की उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलित कर रोजगार मेला का उद्घाटन किया गया। रोजगार मेला में 13 प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया। मौके पर लगभग 300 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। नियोजकों द्वारा लगभग 1500 रिक्तियां प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें से 180 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और 70 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कार्यक्रम में नियोजक प्रतिनिधि, एनडीएफ, यंग प्रोफेशनल खूंटी और नियोजनालय कर्मी भी उपस्थित थे।

# सरकार की प्रोत्साहन राशि से हजारों गोपालक किसान हैं वंचित

▸ किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी

**अविनाश कुमार**

**इटकी।** राज्य सरकार के प्रोत्साहन राशि से हजारों गोपालक किसान वंचित है। स्वेत क्रांति को सशक्त करने के उदेश्य को लेकर राज्य सरकार द्वारा गोपालक किसानों के उत्पादित दुग्ध पर प्रति किलो पांच रुपया प्रोत्साहन राशि देती है। इसके लिए राज्य सरकार झारखण्ड मिल्क फेडरेसन को प्रतिमाह करोड़ों की राशि आवंटन करती है।

अधिकृत जानकारी के अनुसार इटकी , बेड़ो, लापुंग, चान्हों और मांडर प्रखण्ड के करीब आठ हजार जबकि रांची जिला क्षेत्र के लगभग 20 हजार गोपालक किसानों को प्रोत्साहन राशि का लाभ नही मिलती है। इसमें आईटीसी, अमूल, सूधा, और ओसम कम्पनियों से जुड़े किसान के आलावे मिष्टान भंडार, होटल और घर घर पहुंच कर दुग्ध बेचने वाले हजारों गोपालक किसान शामिल है। प्रोस्ताहन राशि का लाभ मात्र झारखण्ड मिल्क फेडरेशन ( मेघा ) कंम्पनी से जुड़े किसानों को मिल रहा है। सरकार द्वारा झारखण्ड मिल्क फेडरेशन को प्रत्येक माह अनुमानतः करीब चार करोड़ प्रोस्ताहन राशि उपलब्ध कराती है। प्रोस्ताहन राशि आवंटन के बाद झारखण्ड मिल्क फेडरेशन डाटा के अनुसार किसानों के खाते में ऑन लाईन भुगतान करती है। हजारों गोपालक किसानों को प्रोत्साहन राशि नही मिलने से किसान मायूस है।बता दें कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विधायकी क्षेत्र मांडर,इटकी ,बेड़ो चान्हों और लापूंग प्रखण्ड गोपालक किसानों से प्रतिनिदिन 75 हजार लीटर दुग्ध संग्रह किया जाता है।



### दुग्ध संग्रहित दर्जनों गांवों को गोकुल ग्राम का दर्जा

राज्य सरकार ने दुग्ध संग्रहित दर्जणों गांवों को गोकुल ग्राम का दर्जा दे रखा है। जिला गब्य विकास विभाग द्वारा गोकुल ग्राम दर्जा प्राप्त प्रायः गांवों में करीब 16 लाख की लागत से भवन निर्माण कर गोकुल विकास केन्द्र की स्थापना किया है। गोकुल ग्राम विकास केन्द्र में दो हजार से लेकर पांच हजार लीटर क्षमता वाली वीएमसी उपकरण लगाई गई है जिसमें लेक्टो स्केन, स्टेलर, वेट मशीन, वीपीपेड, गीजर, फ्रीजर और कंम्प्यूटर सिस्टम से केन्द्र को आधुनिकीकरण से सुसज्जित की गई है। कंम्प्यूटर के माध्यम से किसानों के दुग्ध का मापी, फेट सहित कई कार्य को संचालित की जाती है।

### झारखंड सरकार ने वर्ष 2021 में प्रोत्साहन राशि की थी शुरू

राज्य के तत्कालीन सरकार ने स्वेत क्रांति को बढ़ावा और गोपालक किसानों को समृद्ध बनाने के उदेश्य को लेकर वर्ष 2021 में प्रति किलो दुग्ध पर एक रुपया का प्रोत्साहन राशि शुरूआत की थी। वर्ष 2023 में सरकार ने प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर दो रुपया प्रति किलो किया जबकि 2024 में प्रोस्ताहन राशि तीन रुपया की गई। वित्तीय वर्ष 2025 में तीन रुपया प्रोस्ताहन को बढ़ोत्तरी कर पांच रुपया किया है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पहल पर पिछले माह पांच रुपया प्रति किलो की दर से किसानों के खातें में ऑन लाईन भुगतान कर दिया है।

### प्रखंडों के इन गांवों को मिला था गोकुल ग्राम का दर्जा

इटकी प्रखण्ड के दरहाटांड़, मकुन्दा, रानीखटंगा, स्टेशन, मल्टी, मोरो और आखरा टोली, गड़गांव जबकि बेड़ो के करांजी सेमरा, केशा, जामटोली, पुरियो, चनगनी और नारी । मांडर के कैम्बो, करगे, महुआजाड़ी चान्हों के तरंगा, चोरेया, ओपा, पतरातू, बिजूपाड़ा, करकटा सहित लापुंग प्रखण्ड चार गांवों को गोकुल ग्राम बनाया गया है।



आईटीसी पाली दुग्ध शीतक केन्द संचालक अशोक कुमार साहू ने कहा कि मेघा कम्पनी से जुड़े किसानों की तरह अन्य कंम्पनी से जुड़े किसानों को भी प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को तत्काल पहल करना चाहिए। अन्य कम्पनियों से जुड़े किसानों को सरकारी व्यवस्था उपलब्ध की जाती है तो दुग्ध उत्पादन काफी बढ़ोत्तरी होगी ही गरीब गोपालक किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत होगे।

**आईटीसी दुग्ध शीतक केंद्र संचालक अशोक**



गोपालक किसान मुनतंजीर अंसारी ने कहा कि हम किसानों को किसी प्रकार की लाभ नही मिलती है। जिससे गोपालन में हमारी आर्थिक स्थिति दिन प्रति दिन कमजोर होती जा रही है। हमें भी प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलना चाहिए।

**गोपालक किसान मुनतजीर अंसारी**



महिला गोपालक किसान रिया कुमारी ने कहा कि अपने बल बुते गोपालन कर दुग्ध उत्पाद कर रही हूँ किन्तु सरकार से हमें किसी प्रकार की लाभ नही मिलता है। अगर प्रोत्साहन राशि जैसा हम पढ़ी लिखी महिलाओं को इस दिशा में सरकारी लाभ मुहैया होती तो अपने आप में आत्म निर्भर और समृद्ध होते।

**महिला गोपालक किसान रिया कुमारी**



दुग्ध व्यवसाय गोपालक किसान महादेव उरांव ने कहा कि सरकार अगर गोपालक किसानों का हित चाहती है तो झारखण्ड मिल्क फेडरेशन की तरह अन्य कम्पनियों से जुड़े किसानों को प्रोत्साहन राशि से जोड़कर लाभ पहुंचाने के दिशा में कार्य करे । सरकारी लाभ से वंचित रहने से किसानों आर्थिक स्थिति गिरती जा रही है।

## संक्षिप्त

### विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 मार्च से

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जायेगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम सत्र में सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर भाजपा विधायक सीपी सिंह विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद लोकतंत्र और समावेशी विकास विषय पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकिशोर, जबकि संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे। इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वहीं दूसरे सत्र में संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकि सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे। दूसरे दिन के तकनीकि सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे।

### शिव संकीर्तन अष्टयाम व नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

**रांची।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव शिष्यों द्वारा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वैश्विक शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में पुराना विधान सभा मैदान, एच.ई.सी, धुर्वा में 26 फरवरी के मध्याह्न 12 बजे से 27 फरवरी को मध्याह्न 12 बजे तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्तन अष्टयाम एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। 26 फरवरी को संध्या आरती 07 बजे एवं 27 फरवरी को प्रसाद वितरण मध्याह्न 12 बजे से होगा। उक्त आशय की जानकारी शिव शिष्य परिवार की ओर से कन्हैया सिंह ने दी।

### एबीवीपी करेगी शैक्षणिक सर्वेक्षण : याज्ञवल्क्य शुक्ला

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर की ओर से यशवंत स्मृति भवन में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाले शैक्षणिक सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अभाविप बिहार झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला एवं प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिसर में कार्य करने वाला सक्रिय छात्र संगठन है, रांची में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को किस प्रकार उपलब्ध हो और परिसरों में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल किस प्रकार से बनाया जा सके। इसके लिए वर्तमान परिदृश्य में शैक्षणिक सर्वेक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद शैक्षणिक सर्वेक्षण करायेगी। सर्वेक्षण के पश्चात हम इस स्थिति में रहेंगे कि परिसरों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किन स्तरों पर सुधार की जा सकती है।

# एसएस मेमोरियल कॉलेज के बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने किया 'उलगुलान' का अवलोकन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** इतिहास केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसे अनुभव करने, समझने और आत्मसात करने की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए एस.एस. मेमोरियल कॉलेज, कांके रोड के बी.सी.ए. विभाग के सैकड़ों विद्यार्थियों के लिए बिरसा मुंडा फन पार्क एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में 'उलगुलान' नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, उनके सामाजिक उत्थान के प्रयासों एवं उनके बलिदान से अवगत कराना था।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा म्यूजियम का भ्रमण किया एवं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित फिल्म का अवलोकन किया, जिससे उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान का गहन ज्ञान प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह थी कि विद्यार्थियों को 120 वर्ष पूर्व उस ऐतिहासिक जेल परिसर का भ्रमण करने का अवसर मिला, जहां ब्रिटिश शासन ने भगवान बिरसा मुंडा को कैद किया था। विद्यार्थियों ने बैरक संख्या 09 में प्रवेश कर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह क्षण अत्यंत भावुक करने वाला था, क्योंकि उसी स्थान पर कभी वह महान योद्धा अपने लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस ऐतिहासिक स्थल पर खड़े होकर विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम की उस गाथा को सजीव रूप से महसूस किया, जिसने भारतीय इतिहास को एक नई दिशा दी। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष की इस विरासत को अनुभव कर विद्यार्थियों के मन में राष्ट्रीयता, समाज के प्रति उत्तरदायित्व एवं इतिहास के प्रति सम्मान की भावना और अधिक दृढ़ हुई।

इस ऐतिहासिक अवसर पर कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाने के लिए विभिन्न गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें शामिल थे...

एस.एस. मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बी.पी. वर्मा, बी.सी.ए. विभाग के प्रो. शिबली अख्तर, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, उपस्थित अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, उनके समाज सुधार हेतु योगदान एवं उनके आदर्शों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक क्रांतिकारी नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक जागरूकता, साहस एवं नेतृत्व के प्रतीक थे, जिन्होंने अपने लोगों के अधिकारों के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उलगुलान (विद्रोह) छेड़ा था। इस अवसर पर यह भी रेखांकित किया गया कि कैसे भगवान बिरसा मुंडा ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद एक विशाल आंदोलन खड़ा किया और ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी।

### लाइट एंड साउंड शो एक प्रेरणादायक प्रस्तुति

कार्यक्रम की एक अन्य प्रमुख विशेषता थी लाइट एंड साउंड शो, जिसके माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस शो में उनके जन्म, बचपन, संघर्ष, उनके आंदोलन की पृष्ठभूमि, अंग्रेजों के खिलाफ उनके प्रतिरोध, उनकी गिरफ्तारी, बलिदान एवं उनकी अमर विरासत को अत्यंत सजीव तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह दृश्यावलोकन इतना प्रभावी था कि कई विद्यार्थी भावनात्मक रूप से प्रभावित हुए एवं उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। विद्यार्थियों ने उलगुलान से विरासत तक नामक विशेष प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के एक साधारण युवक से महान नायक एवं भगवान के रूप में प्रतिष्ठित होने की ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाया गया था।

# हाई कोर्ट ने सरकार से गुमशुदा बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई के संबंध में मांगी रिपोर्ट




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनो बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में सरकार के आवेदन पर यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को सीलबंद रूप में अनुसंधानकर्ता को सौपा जाएगा।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी। कोर्ट ने दोनों गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। वही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि उसने सीलबंद रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को सौंपी है या नहीं। अगली सुनवाई मार्च माह में होगी। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने यूआईडीएआई को दोनों बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित मांगे गए बॉयोमेट्रिक उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के आवेदन की आलोक में जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

दरअसल, कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/2022 में बी हांसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि नेता प्रतिपक्ष ना होने से लोकायुक्त सहित अन्य पदों पर नहीं हो पा रही नियुक्ति

**राज्य** में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं।
इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है।
राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद कुछ वर्षों से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने को लेकर हाईकोर्ट काफी गंभीर है और कोर्ट ने सरकार को उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का निर्देश भी दिया है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं होने के कारण नियुक्तियों पर पेंच फंसा हुआ है।

## सरना समिति एवं आदिवासी संगठनों ने मुख्यमंत्री हेमंत से मुलाकात की



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधान सभा में विभिन्न सरना समिति एवं आदिवासी संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने 24 फरवरी को मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ मांगों से अवगत कराया।

मौके पर कल्यांण मंत्री चमरा लिंडा, विधायक राजेश कच्छप सहित सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद एवं सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सरला बिरला विवि को 'फमार्टेक 1.0' में मिला प्रथम पुरस्कार




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अरका जैन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम 'फामार्टेक 1.0' में सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) को प्रथम पुरस्काफर मिला। विवि के विद्यार्थी शशांक कुमार गुप्ता और गगनदीप सिंह ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम में फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटूभाई पटेल ने एसबीयू के फामेर्सी विभाग के डीन इंचार्ज डॉ. शुभ्रजीत मंत्री को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विवि के फामेर्सी विभाग के शिक्षक पवन कुमार महतो और छात्र विशाल, अनिकेत, विजय और राहुल भी उपस्थित रहे।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा और कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्हें शुभकामनाएं दी।

## रांची के हरमू में विजया एकादशी निशान संकीर्तन कार्यक्रम

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सोमवार को विजया एकादशी का भव्य रूप से आयोजन किया गया। सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का तांता लग गया। सुबह के 5:30 बजे की मंगला आरती में भक्तों ने बाबा के समक्ष अपने लिए मंगल कामना की अरदास लगाई। इसके बाद बाबा का पर्दा लगाकर प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया।

श्रृंगार आरती में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। सभी ने श्रृंगार आरती में हाजिरी लगाकर जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम का गायन किया। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का एवं सभी देवी देवताओं सहित तैल चित्रों एवं गुरुजनों का संध्याकालीन द्वितीय अनुपम श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला स्टार सफेद स्टार रजनीगंधा मुरुगन रंग बिरंगा डहेलिया लाल गेंदा तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश का भव्य मनोरम श्रृंगार किया गया। संध्या 4:30 बजे पट खुलते ही बाबा के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े।

ज्ञातव्य है कि बाबा श्याम का विशेष दिन फागुन माह की कृष्ण पक्ष एकादशी होने के कारण आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बड़े पैमाने में भक्त अपने अर्जी लेकर आए। भक्तों में यह मानना है की ग्यारस में सच्चे दिल से लगाई हुई अर्जी बाबा श्याम जरूर स्वीकार करते हैं। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हर भक्त की अर्जी को मंदिर के आचार्य द्वारा बाबा श्याम के समक्ष रखा जाता है। संध्या ग्वाल आरती में भक्तों का उमंग देखते ही बन रहा था।

## किसानों की समृद्धि के लिए है सम्मान निधि : संजय सेठ




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से सोमवार को देश के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 19 वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की। इस दौरान किसान विकास केंद्र, रामकृष्ण मिशन, रांची में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान, कृषि वैज्ञानिक और कृषि कार्यों में रुचि रखने वाले प्रबुद्ध भी मौजूद रहे।

मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों की समृद्धि के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चार वर्गों की बात की है, जिसमें प्रमुख वर्ग हमारे अन्नदाता किसान हैं। किसानों का ख्याल रखना, कृषि से जुड़ी उनकी जरूरत का ख्याल रखना, यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार कर रही है। इसी के तहत प्रतिवर्ष किसानों को सम्मान राशि के रूप में छह हजार दिए जाते हैं ताकि कृषि कार्यों में उनकी जरूरतें पूरी हो सके।

**नई तकनीक से खेती करने वाले पांच किसान सम्मानित**

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अनगड़ा के किसान संतोष बेदिया और दीपेंद्र बेदिया, मधुमक्खी पालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए रातू के किसान मनरखन महतो, नई तकनीकी के द्वारा कृषि कर अपनी उपज में अप्रत्याशित वृद्धि प्राप्त करने वाली अनगड़ा की महिला किसान सोनी देवी और पार्वती देवी को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सम्मानित किया।

## डोरंडा की पहली महिला थाना प्रभारी बनीं दीपिका प्रसाद

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना की थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद बनाई गयी हैं, राजधानी रांची के कई थाना प्रभारियो को विभिन्न थानो का नव प्रभार दिया गया हैं। जयदीप टोप्पो अब खलारी थाना का कमान संभालेंगे, रंजीत कुमार सिंहा को टाटीसिल्वे थाना प्रभारी बनाया गया, मनोज कुमार को थाना प्रभारी नामकुम बनाया गया जबकि रंजीत कुमार को सदर थाना प्रभारी बनाया गया, अभय कुमार को थाना प्रभारी पिठौरिया, मनीष कुमार को थाना प्रभारी इटकी वही अभिषेक कुमार को सुखदेव नगर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

# आईआईएम ने इंडियन ऑयल के कर्मियों संग साझा की व्यावसायिक नीति

- संस्थान की ओर से आयोजित प्रबंधन विकास कार्यक्रम में आइओसीएल के पदाधिकारी हुए शामिल
- काम को तनाव का रूप ना लेने दें, खुश रहें और कार्यक्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास करें : प्रो दीपक श्रीवास्तव



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** आईआईएम रांची में तीन दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का समापन हुआ। एमडीपी में इंडियन ऑयल के पदाधिकारी शामिल हुए। उन्हें अपने कार्यक्षेत्र के लिए जरूरी सुझाव और प्रशिक्षण दिये गये। इसमें खासकर व्यावसायिक रणनीति के लिए आवश्यक पहल, नीति निर्धारण, व्यावसायिक सुझबूझ के साथ भावनात्मक बुद्धिमता से समस्या समाधान और व्यावासाय को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी ठोस कदम का प्रशिक्षण मिला।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान किसी व्यावसाय के संचालन और औद्योगिक विकास के लिए जरूरी मूल्यों पर चर्चा हुई। प्रशिक्षकों ने संगठनात्मक विकास के लिए व्यावसाय व उद्योग में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर चर्चा की। इसमें मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नीति निर्धारण के दौरान व्यावसायिक मूल्यों का पालन करने, कार्यक्षेत्र में पेशेवर व्यवहार, लिंगभेद और एक-दूसरे कर्मी के प्रति व्यवहार कुशलता व सहयोग से विकास की रणनीति तय करने की सीख दी गयी। प्रबंधन क्षेत्र के एक्सपर्ट ने कार्यक्षेत्र में लिए जरूरी नेटवर्किंग और समय-समय पर कॉर्पोरेट इवेंट के जरिये ग्राहकों को लाभावित करने की सलाह दी। साथ ही नियमित रूप से ग्राहकों के सुझाव और शिकायत पर विचार करते हुए संस्थान के विकास और हीत में जरूरी निर्णय लेने की सलाह दी।

आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दौर में उद्योग जगत में बतौर नेतृत्वकर्ता अपनी पहचान स्थापित करना चुनौतीपूर्ण काम है। इसमें सफलता तब मिलेगी, जब प्रबंधन और संस्थान से जुड़े सभी कर्मी ईमानदारीपूर्वक अपने काम को पूरा करेंगे। संस्थान के साथ-साथ कर्मी के विकास पर भी बल देना होगा। वहीं, उद्योग जगत में ग्राहकों के हि?त और उनकी सुनना जरूरी है। निदेशक ने कहा कि काम को तनाव के रूप में लेने पर कर्मी अपना शत-प्रतिशत प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। ऐसे में संस्थान के मानव संसाधन विभाग को कर्मी के व्यक्तिगत, मानसिक और नियमित प्रशिक्षण पर काम करना होगा। इससे कर्मी को बदलते दौर के साथ ढलने का अवसर मिलेगा और अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रो अमित सचान ने आइओसीएल कर्मियों को जरूरी प्रबंधन कौशल का सुझाव दिया। प्रो सचान ने कर्मी कैसे औद्योगिक जगत में अपनी बेहतर पहचान स्थापित कर सकते है, पर चर्चा की। साथ ही आइओसीएल के कर्मियों से बदलते दौर में कार्यक्षेत्र में होने वाले आवश्यक बदलाव पर सुझाव मांगे। जिसपर विचार करते हुए तकनीकी सत्र को आगे बढ़ाया गया। वहीं, अन्य प्रशिक्षकों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किया।

समापन समारोह में आइओसीएल कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव, कार्यक्रम निदेशक सह डीन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कंसल्टेंसी प्रो अमित सचान, प्रो अंग्शुमन हजारीका और प्रो तनुश्री दत्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त व एसपी ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**लातेहार।** आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली नीटझ्रयूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर तैनात सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बॉयोमेट्रिक डाटा संग्रहण की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षार्थी की बॉयोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे कोई भी परीक्षार्थी उपस्थिति दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।
पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने भी परीक्षा के दौरान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि 4 मई को अपराह्न 2:05 बजे से शाम 5:00 बजे तक परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए।निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने की कृषि व सम्बन्धित विभागों की समीक्षा बैठक

जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग, सहकारिता, तथा मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इन विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के पंजीकरण को सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत योग्य किसानों को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच पशु वितरण सुनिश्चित करने और लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा।मत्स्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने केज कल्चर और डीएमएफटी के तहत चल रही योजनाओं की जानकारी लेते हुए मधुआरों को रोजगार से जोड़ने के लिए केज कल्चर को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। उन्होंने सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए लैंप्स की संख्या, निबंधित समितियों की स्थिति, तथा सौर ऊर्जा/विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम की प्रगति पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला गव्य विकास पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विष्णु मंदिर का वार्षिकोत्सव 4 से अखंड कीर्तन के साथ होगा शुरू



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**गढ़वा।** जिले के विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर विकास समिति ने श्री विष्णु मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक 24 फरवरी को की। इसमें 4 मार्च से शुरू होने वाले सात दिवसीय वार्षिकोत्सव के आयोजन की रूपरेखा तय की गई।
समिति के अनुसार 4 मार्च को अखंड कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। शोभायात्रा के साथ 5 मार्च को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। हर दिन भंडारा (प्रसाद वितरण) का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचक द्वारा प्रवचन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन और आध्यात्मिक आनंद के लिए झूलन मेला का भी आयोजन किया जाएगा, जो इस महोत्सव का एक विशेष आकर्षण होगा।
बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के कई पदधारी और सदस्य उपस्थित थे। इसमें अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव गौरीशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव सहित भोलानाथ साहू, शिव कुमार ठाकुर, प्रभु चंद्रवंशी, सचिन गुप्ता, महेंद्र चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, मखन पासवान, सचिन कुमार, अशोक राउत भी शामिल हैं।
समिति के सचिव गौरीशंकर गुप्ता ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे भव्य और सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त

### नाबालिग लड़की ने जहर खाकर की आत्महत्या

**भवनाथपुर ।** केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी महेंद्र रजवार की 17 वर्षीय नाबालिक लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली ।घटना के बारे में महेंद्र रजवार ने बताया कि ढाई बजे के लगभग मेरी बड़ी बेटी आरती कुमारी घर में अकेली थी, कुछ देर के बाद जब मेरी छोटी बेटी घर गई तो देखी कि आरती उल्टी कर रही है और बताई की मैं जहर खा ली हूं, इसके बाद ईलाज के लिए उसे भवनाथपुर सीएचसी लाया गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलने पर भवनाथपुर थाना पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

### एसपी के निर्देश पर शहर में वाहन चेकिंग अभियान तेज

**मेदिनीनगर ।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सोमवार को शदिक चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट और लाइसेंस के दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना में रखा गया है ।वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पांच ट्रक और एक ई रिक्शा वाहन को भी यातायात नियम का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया ।इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा पकड़े गए सभी वाहनों को फाइन के लिए परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। पकड़े गए सभी वाहनों का टोटल फाइन 37,754 रुपया किया गया है ।वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि लाख प्रयास के बाद भी लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं ।जिसके वजह से आए दिन लोगों को चालान भरना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कहा की कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन ना चलाएं।

### बस स्टैंड में लावारिस बाइक मिलने से सनसनी

**लातेहार ।** जिले के महुआडांड़ बस स्टैंड परिसर में रविवार देर रात एक अज्ञात मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी मिली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह जब स्थानीय लोग बस स्टैंड पहुंचे तो उन्होंने बाइक को वहीं खड़ा पाया। इस पर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह बाइक किसकी है और इसे यहां किस उद्देश्य से छोड़ा गया ।स्थानीय लोगों में इस लावारिस बाइक को लेकर कई तरह की चचाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह चोरी की मोटरसाइकिल हो सकती है, जिसे किसी ने डर के मारे बस स्टैंड में छोड़ दिया। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक परिवहन विभाग को इस बाइक के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई थी।

### कोडरमा रेलवे स्टेशन पर फरार वारंटी गिरफ्तार

**कोडरमा ।** सोमवार को स्थानीय थाना अहिल्यापुर के थाना प्रभारी गुलाम गौश साथ बल-सदस्य रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, कोडरमा पर उपस्थित होकर सुचना दिये कि स्थानीय थाना अहिल्यापुर कांड सं0 66/2023 दिनांक 18/12/2023 अंतर्गत धारा 364अ,120B IPC का फरार वारंटी सोनू कुमार मण्डल, पिता- शम्भू मण्डल, सा0- बन्दखारो, थाना- सरिया, जिला- गिरीडीह (झारखंड) गाड़ी सं0 12322 मुम्बई मेल से आ रहा है, कृप्या उसे पकड़ने में मदद करें। सुचना प्राप्ति के उपरांत उक्त गाड़ी के कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं0 03 पर समय करीब 10 :00 बजे आगमन के उपरांत निरीक्षक प्रभारी कोडरमा साथ बल-सदस्य एवं स्थानीय थाना के थाना प्रभारी गुलाम गौश साथ पुलिस बल-सदस्य द्वारा उक्त गाड़ी को चेक किया गया तथा फरार वारंटी सोनू कुमार मण्डल, पिता- शम्भू मण्डल, सा0- बन्दखारो, थाना- सरिया, जिला- गिरीडीह (झारखंड) को उक्त गाड़ी के बाहर प्लेटफार्म नंबर तीन से पकड़ा गया तथा पकड़ कर रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया।

## अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं का एक दिवसीय धरना आज



- इस बिल से अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का होगा हनन : अध्यक्ष
- केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के कार्य में ना करे हस्तक्षेप : सचिव

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**हजारीबाग।** केंद्र सरकार के द्वारा लाया जाने वाला अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ता संघ हजारीबाग का एकदिवसीय धरना व हड़ताल मंगलवार को किया जाएगा। उक्त निर्णय सोमवार को आहूत बार संघ के लाइब्रेरी हॉल में आम सभा की हुई एक बैठक में ली गई।अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का हनन करने वाला है। इस बिल में बहुत सी खामियां हैं जिसे केंद्र सरकार को सुधारना होगा।
जिसको लेकर मंगलवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि बार कॉन्सिल ऑफ इंडिया में केंद्र सरकार की ओर से तीन सदस्य नामित होंगे जो कि काउंसिल को नियंत्रित करेंगे। सचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के कार्य में कोई हस्तक्षेप ना करें केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के लिए कोई भी लाभकारी योजना नहीं चल रही है। साथ ही ना ही कोई अधिवक्ताओं को वेतन देती है। उन्होंने कहा कि धरना के दौरान बिल की एक प्रति जलाई जाएगी साथ ही एक ज्ञापन उपयुक्त को दी जाएगी।
मौके पर उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सहसचिव कुणाल कुमार, दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष भारत कुमार, कार्यकारिणी सदस्य भैया सुमित कुमार सिंहा, शिवदत्त पांडे, विभव कुमार, चंद्रिका प्रसाद, डॉक्टर चंदन कुमार ,जवाहर प्रसाद, सतीश सिंह, गौतम चक्रवर्ती, स्वरूप चंद जैन, संजय कुमार, रीना वर्मा, अमित प्रकाश, बैजनाथ मिश्रा, मनीष भारद्वाज, संतोष कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से स्कॉर्पियो सवार चार लोग घायल

**सरायकेला।** जिले में दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है, सोमवार को सरायकेला-टाटा मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से स्कॉर्पियो वाहन बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार टेलर में पाइप लोड था जो पंजाब लेकर जा रहा था, चालक का नाम सुमन यादव बताया जा रहा है। टेलर से पाइप पलटने के कारण स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वाहन में सवार चार व्यक्ति की घायल की खबर है स्थानीय लोगों की मदद से किसी भी तरह बाहर निकल कर नजदीकी अस्पताल में भेजा गया। सूचना मिलते ही पहुंचे ट्रैफिक प्रभारी अजय कुमार तिवारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पे पहुंचकर अपने सूझबूझ से सड़क पर गिरा पाइप को किनारे कर यातायात व्यवस्था को सामान्य किया। आखिर सरायकेला की सड़कों पर कब तक लोग जान गंवाएंगे,आय दिन प्रतिदिन ओवरलोड गाड़िया दौड़ती नजर आती है।

## चक्रधरपुर में दो बाइक की टक्कर चार युवक गंभीर रूप से घायल



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर-रांची मुख्य मार्ग एनएच-75 (ई) पर करंजो स्कूल के समीप दो बाइक की जोरदार टक्कर हुई। इस घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार दोपहर एक बजे की है। दो बाइक तीखे मोड़ पर टकरा गईं।
घायल युवकों में नकटी पंचायत के पोंगड़ा गांव निवासी उमित नायक और सोनुवा कपिल गांव निवासी मुकेश नायक शामिल हैं, जो इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए चक्रधरपुर आ रहे थे। अन्य दो घायल युवक चक्रधरपुर भलियाकुदर गांव निवासी अरुण गागराई और चंद्री गांव निवासी अरविंद बिरुवा हैं।
घटना के बाद कराईकला पुलिस ने एम्बुलेंस और टेम्पो की मदद से घायल युवकों को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार बाइक चलाना था। घटना के बाद एक बाइक का पहिया खुलकर रास्ते में गिर गया था। घायल युवकों के परिजन अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर बेहतर इलाज के लिए उन्हें बाहर ले गए।

## बजरंग दल के जिला संयोजक सकेंद्र कुमार एवं सहसंयोजक बने गोविन्द

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**हजारीबाग।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रामगढ़ स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित हुआ। जिसमें हजारीबाग जिला में बजरंगदल का विस्तार करते हुए जिला संयोजक सकेंद्र कुमार एवं सहसंयोजक गोविन्द यादव को नियुक्त किया गया।
बैठक में उपस्थित केंद्रीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, संगठन मंत्री देवी सिंह सहित कई प्रमुख लोगों के हाथो उन्हें पदभार दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रमुख लोगों ने नवनियुक्त जिला संयोजक सकेंद्र कुमार एवं सहसंयोजक गोविन्द यादव के नेतृत्व एवं कौशल से पूरे हजारीबाग जिले में संगठन काफी मजबूत होगा। साथ ही हिन्दू हित के कार्यों में एक नई दिशा मिलने का भरोसा जताया।
जिसके बाद सोशलमीडिया एवं फोनकॉल के माध्यम से नवनियुक्त बजरंग दल के जिला संयोजक सकेंद्र कुमार एवं सहसंयोजक गोविन्द यादव को शुभकामनाएं मिलने लगी। इस दौरान संगठन से जुड़े जिला स्तर, प्रखण्ड स्तर एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## 08 महीने पूर्व चोरी हुई स्कॉर्पियो को पुलिस ने खोज निकाला

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, भेजा सलाखों के पीछे



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**सरायकेला ।** सरायकेला थाना अंतर्गत मुड़िया से आठ माह पूर्व एक स्कॉर्पियो चोरी हो गई थी। जिसमें पुलिस की अथक प्रयास के बाद स्कॉर्पियो बरामद कर लिया गया है, वही चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्त में आए युवकों में धनबाद निवासी सुग्रीव कुमार एवं पलामू निवासी कवलधारी विश्वकर्मा शामिल है। दरअसल विगत 21/06/2024 को मुड़िया निवासी रमजान अली की स्कॉर्पियो संख्या खल05इर-2034 की चोरी हो गई थी।
उक्त स्कॉर्पियो में पद्मश्री छुटनी महतो चलती थी। रमजान अली के रोजगार का साधन भी स्कॉर्पियो ही था। छुटनी महतो ने स्कॉर्पियो की बरामदगी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से भी मुलाकत की थी।
कल्पना सोरेन ने डीसी एवं एसपी को खास तौर पर उक्त वाहन को ढूंढने का निर्देश दिया था। इस कांड के जांच अधिकारी रमण विश्वकर्मा एवं रामरेखा पासवान ने दिनरात मेहनत कर तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर इस चर्चित मामले का अंततः खुलासा कर दिया हैं।

## छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष से मिला छात्र मोर्चा

**हजारीबाग।** झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल यूसेट में व्याप्त समस्याओं को लेकर डी.एस.डब्लू से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने यूसेट में कई विषयों के शिक्षक नहीं होने, विषयों में मशीनों का कार्य ना करना, भवनों की जर्जर स्थिति, छात्र, छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा, कक्षाएं और प्रयोगसाला सुचारू रूप से संचालित हो, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित हों, समय पर परीक्षाएं आयोजित हों, प्लेसमेंट सेल आयोजित होने और समय पर कौसन मानी वापस करने जैसी समस्याओं पर चर्चा की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद डी.एस.डब्लू ने यूसेट के प्राचार्य और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से वार्ता कर तत्काल मामले पर कार्रवाई करने की बात कही।

## बिरबिर में दो दिवसीय यज्ञ धूमधाम के साथ संपन्न



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**
**हजारीबाग।** सदर प्रखण्ड अंतर्गत ओरिया पंचायत के ग्राम बिरबिर में स्थित माता शबरी एवं प्रभु श्रीराम मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय यज्ञ धूमधाम के साथ समापन हुआ। जिसकी शुरूआत 251 कलश यात्रियों के साथ गाजे- बाजे के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। यज्ञ आचार्य एव प्रवचन कर्ता नकुल देव शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ कराया।
जबरा डैम से जल लेकर यज्ञ मंडप में जल रखकर दो दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ का आरती कर शुरूआत हुई। पूजा- पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। प्रथम दिवस की संध्या प्रख्यात प्रवचन कर्ता आचार्य नकुल देव शास्त्री के द्वारा संगीतमय कथा कराया गया।
जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर कथा सुनकर अनमोल वचनों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। द्वितीय दिवस की यज्ञ देव पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। पांच पालियों में लगभग 350 श्रद्धालुओ ने एक साथ हवन किया। यज्ञ के बाद चार पुंसवन संस्कार कराया गया। एक नामकरण, 10 देवस्थापना एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। द्वितीय दिवस की संध्या 251 दीपकों का विराट दीपक उत्सव के साथ युग अवतार की महाआरती कन्याओं द्वारा किया गया। जिसके बाद संगीतमय कथा एवं आतिशबाजी के साथ दो दिवसीय यज्ञ संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तिमय वतावरण से क्षेत्र गुंजयमान हुआ।
भक्तिभाव से श्रद्धालु पूजा- पाठ में लीन रहे। भक्ती एवं उत्साह का अद्भुत संगम भी दिखा। प्रवचन कर्ता नकुल देव शास्त्री ने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य का जीवन परमात्मा द्वारा सर्वोत्तम उपहार के रूप में प्रदान किया गया है। 84 लाख योनियों में मनुष्य योनि को ऋषियों ने सर्वश्रेष्ठ योनि कहा है। मनुष्य तन प्राप्त करने के बाद जीवन में भक्ति का होना अनिवार्य। बिना भक्ति के मनुष्य का जीवन उसी तरह है जैसे बिना पानी के बादल। बिना लवण के बहु व्यंजन बेकार है, ठीक उसी प्रकार भक्ति के बिना मानव जीवन बेकार। भक्ति स्वतंत्र है सबके लिए सुलभ है और सभी सुखों को प्रदान करने वाला है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में सुख शांति के लिए ईश्वर की भक्ति भजन व सत्संग अवश्य करनी चाहिए। मौके पर विशेष रूप से माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर के अध्यक्ष नन्कु राम, सचिव जुगल यादव, कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश साव, उपसचिव अरविंद बक्शी, उपकोषाध्यक्ष सिता राम वर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम वर्मा, अजय कुमार, प्रकाश यादव, अशोक यादव, पप्पू वर्मा, कमेश्वर वर्मा, अजित वर्मा, जगदीश राम, बीरबल कुमार, बिजय राम, सुनील यादव, तपेश्वर यादव, रुपेश राम, नरेंद्र यादव, विकाश यादव, गौतम यादव, कार्तिक यादव, बहादुर राम, ऋतु कुमार, जीवन कुमार, माइकल कुमार, बचन कुमार, गौतम कुमार, प्रेम कुमार एवं साजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मैट्रिक-इंटरमीडिएट की परीक्षा को ले फैलाई अफवाह, तो होगी कड़ी कार्रवाई

## बोकारो डीसी ने अफसरों को दीं जरूरी हिदायतें

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) रांची की ओर से आयोजित वार्षिक माध्यमिक व इंटर परीक्षा को लेकर विभिन्न सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने से संबंधित अफवाह फैलाने को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधितों पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया है।



उपायुक्त ने कहा कि जैक की ओर से आयोजित वार्षिक माध्यमिक व इंटर परीक्षा का संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बोकारो जिला में पूरी सतर्कता के साथ संचालित हो रही है। जिले के 63 परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक एवं 44 परीक्षा केंद्रों पर इंटर की परीक्षा हो रही है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 107 दंडाधिकारी, 18 गश्ती दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान आदि प्रतिनियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया में कुछ अफवाह फैलाने का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है। साइबर सेल एवं प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा इस पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है। जैक से प्राप्त प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका को कोषागार एवं संबंधित बैंक के वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। वज्रगृह में 24 घंटे सीसीटीवी सहित सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त रहते हैं।

परीक्षा की तिथि को निर्धारित विषय का प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका गश्ती दल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा विडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में केन्द्राधीक्षक को उपलब्ध कराया जाता है। परीक्षा शुरू होने के पूर्व प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक, दो वीक्षकों एवं दो छात्रों की उपस्थिति में प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका को खोला जाता है। पुनः परीक्षा समाप्ति के उपरांत गश्ती दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका कोषागार बोकारो व तेनुघाट के वज्रगृह में सुरक्षित रखा जाता है। जैक के पदाधिकारी, कर्मी सुरक्षा के साथ ले जाते है। जिले में साइबर सेल सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे कंटेंट मिलने पर लोग साइबर सेल बोकारो को नंबर 9608015891 पर शिकायत करें। उपायुक्त ने परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि वह किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें।

# अनियंत्रित ट्रेलर ने दंपती को रौंदा, पति की मौत, पत्नी घायल

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी-बेरमो रोड में कोदवाडीह के पास सोमवार दोपहर में अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी नावाडीह पहुंचाया।

जहां गंभीर रूप से घायल पति सुजीत तुरी का डॉ. रिंकू कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जबकि, उसकी पत्नी मनीषा कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद सुरही उसके मायके भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार पुरुलिया थाना क्षेत्र के टोटवार निवासी कर्मा तुरी के 26 वर्षीय पुत्र सुजीत तुरी अपने ससुराल सुरही से अपनी पत्नी मनीषा कुमारी को बाइक (जेएच9क्यू-2078) से लेकर अपने घर टोटवार पुरुलिया जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर की चपेट में आने से पति जहां गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं पत्नी भी जख्मी हो गई। दुर्घटना से बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद दोषी चालक वाहन को खड़ाकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए और इसकी सूचना नावाडीह थाना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सुजीत को सीएचसी नावाडीह में इलाज के लिए भर्ती कराया। यहां डॉ. रिंकू कुमारी ने प्राथमिक उपचार कर नाजुक स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराएगी, इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## संक्षिप्त

### ठेका मजदूर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बोकारो।** नगर के सेक्टर-12 थाना क्षेत्र स्थित बारी कोऑपरेटिव के फ्लैट संख्या 202 में बीएसएल के एक ठेका कर्मी शांतनु (30) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसके कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें उसने बांग्ला भाषा में अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया है। खुदकुशी का कारण उसने तनाव को बताया। मृतक मूल रूप से पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा का रहने वाला था, जो बोकारो इस्पात संयंत्र के अधीन उत्कल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में बतौर सुपरवाइजर काम कर रहा था। उक्त फ्लैट के एक कमरे में वह अकेले रहता था। सोमवार की सुबह जब उसके साथियों ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक खटखटाने के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने शंका के आधार पर इसकी सूचना सेक्टर-12 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और दरवाजा किसी तरह खोलकर अंदर घुसी तो ठेका कर्मी को पंखा के सहारे रस्सी के फंदे पर झूलता हुआ पाया। पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी तो कुछ घंटे के बाद मृतक के मामा पहुंचे।

### चंद्रपुरा- विष्णुगढ़ सड़क निर्माण की मांग

**चंद्रपुरा।** धनबाद जिला अंतर्गत लोहापट्टी फोरलेन से चंद्रपुरा - नावाडीह होते हुए विष्णुगढ़ (हजारीबाग) तक फोरलेन सड़क निर्माण कराने की मांग तेज होने लगी है। आजसू पार्टी नेता बीगन महतो एवं भरत महतो ने गिरिडीह सांसद से इस सड़क के निर्माण कराने की मांग की है। आजसू नेता ने कहा कि इस रोड का निर्माण होने से चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड का चहुंमुखी विकास होगा। रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं इसका सर्वाधिक लाभ दोनों प्रखंड क्षेत्र के किसान एवं उच्च शिक्षार्जन करने वाले गरीब तबके के विद्यार्थियों को होगा। ग्रामीण इलाके की इस सड़क के निर्माण होने से जरूरतमंद लोगों को हजारीबाग आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। फिलहाल लोग चंद्रपुरा प्रखंड से नावाडीह - डुमरी - बगोदर से विष्णुगढ़ अथवा चंद्रपुरा से बेरमो - गोमिया - कोनार - विष्णुगढ़ होते हुए हजारीबाग जाते हैं। इस सड़क का निर्माण होने से इस इलाके की दूरी हजारीबाग से करीब 30 किमी कम हो जाएगी।

### कुम्भ स्नान को बाइक से गए दो युवक



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल जनता नगर निवासी तथा एसटीपी का कार्य करने वाली कंपनी भरत जी पटेल में बतौर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत अमित कुमार अपने कार्यालय के सहयोगी सन्नी सिंह के साथ अपनी अपाची बाइक से शनिवार को सुबह आठ बजे प्रयागराज के लिए निकले और रविवार को ढाई बजे प्रयागराज पहुंच स्नानादि कर प्रयागराज से चलकर सोमवार को साढ़े तीन बजे बोकारो थर्मल पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली। अमित ने 1150 किलोमीटर की आवाजाही की यात्रा बाइक से तय की।

# चेक बाउंस मामले के आरोपी को छह महीने की जेल, 5 लाख जुर्माना

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस के मामले में रांची के अरगोड़ा थाना अंतर्गत हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी विनोद कुमार को छह महीने की सजा और पांच लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई।

बता दें कि जारंगडीह निवासी महादेव गोराई ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम के न्यायालय में एक परिवाद पत्र दाखिल कर बताया था कि अभियुक्त विनोद कुमार ने उससे रांची में घर बनाने के लिए जमीन खरीदने के नाम पर बीस लाख रुपए लिया था। मगर जमीन नहीं मिला तो रुपए लौटाने के लिए बोला तो अभियुक्त ने 10-10 लाख रुपए का दो चेक दिया, जिसे बैंक में जमा किया गया तो खाता में अपर्याप्त राशि बता कर चेक बाउंस हो गया। तब उन्होंने अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दोनों पक्ष के द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत गवाह और उनके अधिवक्ता के द्वारा बहस सुनने के बाद प्रजापति ने अभियुक्त विनोद कुमार को छह महीने की सजा और पांच लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त विनोद कुमार के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया।

# डीसी ने की विभागीय कार्यवाही की समीक्षा, दिए कई निर्देश

## कहा- सेवानिवृत्त व मृत कर्मियों के मामले प्राथमिकता के आधार पर करें निष्पादित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न संवर्ग के सरकारी सेवकों पर की गई विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की।

उन्होंने उप विकास आयुक्त कर्यालय, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अपर समाहर्ता, एडीएम सप्लाई, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय व एलआरडीसी कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने सेवानिवृत एवं मृत कर्मियों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले लंबित रहने से कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने में कठिनाई होती है। वहीं न्यायालय में लंबित मामलों पर सरकारी अधिवक्ता से अद्यतन रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सतर्क रहने, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, सीसीटीवी कैमरे की जांच करने, अधिकृत व्यक्ति को ही परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र ले जाने देने सहित झारखंड अधिविद्य परिषद् के नियमों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।



# राज्यस्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तीकरण शिविर 1 मार्च को

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन बोकारो एवं डालसा द्वारा आगामी 01 मार्च 2025 को जिले के चंद्रपुरा स्थित डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन होगा।



उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मनी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित जिले के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निदेशक डीआरडीए ने शिविर में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। इसके लिए अपने - अपने कार्यों दायित्वों को ससमय निष्पादन करने एवं लाभुकों की विवरणी तैयार कर समर्पित करने को कहा। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, क्रमवार मंच, लाभुकों को लाने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

# चोरी के पांच मोबाइल समेत एक चोर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** चोरी के पांच मोबाइल सहित एक चोर को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सोमवार की है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कंजकिरो शिशुटोला निवासी एक युवक ने गोमिया थाना अंतर्गत पिपराडीह स्थित सीसीएल कॉलोनी निवासी एक युवक से तीन माह पूर्व एक विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल खरीदा था। बाद में उक्त युवक को उसी मोबाइल पर रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू थाना की पुलिस ने फोन कर कहा कि जिस मोबाइल का प्रयोग वह कर रहा है, वह पतरातू से चोरी हुआ है और उस मोबाइल को वह स्थानीय थाना में जाकर जमा कर दे। साथ ही, उक्त युवक को पुलिस ने चोरी में संलिप्त युवक को पकड़वाने में सहयोग करने को कहा। उक्त युवक चोरी का मोबाइल पेंक नारायणपुर थाना में जमा करने गया तो थाना प्रभारी ने मोबाइल जमा लेने से इंकार कर दिया।

सोमवार को उक्त युवक ने चोरी का मोबाइल बेचने वाले चोर को फोन कर एक और मोबाइल खरीदने की बात कही। मोबाइल चोर ने उसे गोमिया थाना अंतर्गत डीएवी स्वांग के समीप बुलाया। बाद में उक्त युवक कंजकिरो के पूर्व पंसस राम लखन महतो सहित अन्य युवकों को लेकर डीएवी स्वांग के समीप पहुंचे, जहां मोबाइल चोर पांच मोबाइल लेकर पहुंचा। राम लखन महतो सहित सभी युवकों ने मोबाइल चोर सहित सभी चोरी के मोबाइल को लेकर बोकारो थर्मल थाना पहुंच, थाना के अनि अजीत कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार को सुपुर्द कर दिया। पकड़ा गया मोबाइल चोर गोमिया थाना के पिपराडीह निवासी लोकनाथ सिंह का पुत्र मोहित सिंह है। मोहित सिंह ने थाना में बताया कि उसका बड़ा भाई प्रयागराज में है और वहां से मोबाइल चोरी कर गोमिया उन लोगों के पास भेजता है। स्थानीय थाना से पतरातू पुलिस को पकड़े गये चोर एवं जब्त किए गए मोबाइल की सूचना दी गई। सूचना पर पतरातू पुलिस बोकारो थर्मल पहुंच, पकड़े गए मोबाइल एवं चोर को अपने साथ ले गई।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में लगेगा तीन दिवसीय ज्योतिर्लिंगम शिव दर्शन मेला




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** सृष्टि के रचनाकार, सर्वात्माओं के परम पिता और निराकार मरमात्मा शिव का भारत में अवतरण, एक यादगार अवसर बन गया है।

इस पावन दिन के उपलक्ष्य में 26 फरवरी से 3 दिवसीय द्वादश (12) ज्योतिर्लिंगम शिव आध्यात्मिक दर्शन मेला आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी आज ब्रह्मकुमारीज के मानगो सेवा केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र की संचालिका रूबी बहन ने दी। रूबी बहन ने बताया कि यह भव्य आयोजन 26 से 28 फरवरी 2025 तक मानगो स्थित त्रयंबक महादेव मंदिर, बड़ा हनुमान मंदिर, दाईगुटु, न्यू पुरूलिया रोड (गांधी मैदान के पास) में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान परम पावन महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव का अनूठा अवसर मिलेगा। दर्शन प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक और 3 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक दिन प्रातः 8.30 बजे से 9 बजे तथा संध्या 6.30 बजे से 7 बजे तक भव्य आरती का आयोजन होगा। रूबी बहन ने बताया कि यह आयोजन मानगो वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है. इस दौरान तीन दिनों तक वे शिव की आराधना कर, उनके सानिध्य में समय बिता सकेंगे। इन दिनों में शहर के कई गणमान्य और धर्मावलंबी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर मानगो वासियों को अपने अंतरात्मा को जागृत करने और पुण्य के भागी बनने का अवसर प्राप्त होगा।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागी हुए सम्मानित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**चंद्रपुरा।** गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 में चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पपलो के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

गायत्री परिवार ने चंद्रपुरा में कार्यक्रम आयोजित कर अव्वल प्रतिभागियों के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को प्रमाण-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। गायत्री परिवार बोकारो के आरएन पांडेय दिलीप जायसवाल, शर्मा जी एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक श्यामदेव प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की चहुंमुखी उन्नति के लिए बच्चों में भारतीय संस्कृति ज्ञान का बोध एवं क्वालिटी एजुकेशन अति आवश्यक है।

# सीडब्ल्यूसी और पुलिस ने रोकी नाबालिग जोड़े की शादी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) बोकारो के निदेर्शानुसार सोमवार को चाइल्ड लाइन बोकारो व नावाडीह थाना प्रभारी की ओर से एक नाबालिग जोड़े को बाल विवाह होने से बचाया गया। साथ ही कार्रवाई के लिए बालक व बालिका को उसके माता-पिता के साथ बाल कल्याण समिति कार्यालय में प्रस्तुत किया गया।

समिति के समक्ष बालक व बालिका के पिता को चेतावनी दी गई तथा उनसे शपथ पत्र लिखवाया गया। उक्त शपथ पत्र में दोनों बच्चों के अभिभावकों ने लिखा कि जब तक लड़का का उम्र 21 साल व लड़की की उम्र 18 साल नहीं हो जाती है, तब तक उनका विवाह नहीं कराया जाएगा। उक्त विवाह रोकने के लिए नावाडीह बीडीओ प्रशांत कुमार, चाइल्ड लाइन के समन्वयक प्रीति व नावाडीह थाना प्रभारी मौजूद रहे। इस संबंध में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष शंकर रवानी ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे चाइल्ड लाइन का फोन आया कि नावाडीह थाना क्षेत्र में बाल विवाह होने जा रहा है। उक्त सूचना मिलते ही सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी नावाडीह को पत्र लिखकर बाल विवाह पर रोक लगाने व बालक एवं बालिका को प्रस्तुत करने को कहा गया। सीडब्ल्यूसी द्वारा दोनों परिवार के अभिभावकों से शपथ पत्र भरवाकर बच्चों को उनके परिवार को सौंप दिया गया। साथ ही दोनों बच्चों को फिलहाल प्रत्येक माह समिति कार्यालय में प्रस्तुत होने का निर्देश दिया गया। इस पर अध्यक्ष रवानी ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करने व कराने वालों को दो साल तक की जेल या एक लाख रुपए तक का जुमार्ना या दोनों हो सकता है। यह एक संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है। मौके पर सदस्य प्रीति प्रसाद, रजी अहमद, रेणू रंजन, प्रगति शंकर, पीएलवी महिमा, चाइल्ड लाइन के समन्वयक प्रीति कुमारी, जिला बाल संरक्षण इकाई की काउंसलर सुजाता कुमारी आदि मौजूद थे।

# वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

- निवेश सहित वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुए शिक्षक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आर्थिक विकास लाने में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के भास्कर वर्मा (प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट) और जेके सिन्हा (वित्तीय सलाहकार) ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन, स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, बीमा, निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता, इसके फायदे, समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव, महंगाई के विभिन्न कारकों, पैसिव इनकम, लिक्विडिटी, शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों में शुरू से ही वित्तीय साक्षरता को लेकर बल दिया तथा कार्यशाला में शामिल शिक्षकों से अपने ज्ञानार्जन से छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आह्वान भी किया।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयानबाजी



रमेश सर्राफ धमोरा

**गंगाजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वान पंडितों का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी।

हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा।

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।



जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी।

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए।

शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं। डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है।

गंगााजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नही देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## संपादकीय

### सेंसर कितना होगा

डिजिटल मंचों पर अश्लीलता और हिंसा दिखाने की शिकायतों के बीच हानिकारक सामग्री को विनियमित करने के लिए नये कानूनी ढ़ांचे की जरूरत और मौजूदा वैधानिक प्रावधानों की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय समीक्षा कर रहा है। समय रैना के शो इंड़िया'ज गॉट टेलेंट पर रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक अश्लील टिप्पणियों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए सरकार से इस बाबत कड़े. कदम उठाने को कहा है। पारंपरिक प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री विशिष्ट कानूनों के तहत आती हैं, जबकि ओटीटी, यू-टज्ूब समेत इंटरनेट द्वारा संचालित नई मीड़िया सेवाओं के लिए विशेष प्रावधान जरूरी हैं। इन प्लेटफॉर्म्स को आईटी नियम, 2021 के तहत आचार संहिता का सख्ती से पालन करना जरूर होने के बावजूद अनुचित सामग्री परोसी जा रही है। मंत्रालय के अनुसार ओटीटी इसका पालन नहीं करता तो सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67, 67ए व 67बी के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इन धाराओं के तहत अश्लील सामग्री का प्रसारण/प्रकाशन दंड़नीय है। बीते साल 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 19 वेबसाइट्स, दस एप्स और 57 सोशल मीड़िया अकाउंट्स ब्लॉक किए जाने के बावजूद यह प्रवृत्ति नहीं रुोक पाना द्योतक है कि अश्लील सामग्री और अभद्र भाषा प्रयोग करने वालों पर लगाम कसना कठिन है। सरकार ने ओटीटी सामग्री को उम्र के आधार पर निर्धारित करने को कहा है। हालांकि वे इसे तफसीलन पहले ही अंकित करते हैं। सवाल सिर्फ यू-टज्र्बर या इंफ्लुएसर द्वारा सोशल मीड़िया में अश्लील सामग्री के माध्यम से अधिक से अधिक व्यूज पाने का नहीं है। इस मामले में आम आदमी भी पीछे नहीं है। तय है कि अभिव्यक्ति की आजादी की आड़. में मसखरी या नाजायज बातें करने का इख्तियार किसी को नहीं दिया जा सकता परंतु इस पर भी गहन विमर्श जरूरी है क्योंकि भारत में अश्लील सामग्री खास तौर पर पोर्नोग्राफी देखने वालों की संख्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। बेशक, इंटरनेट तक आधे देशवासियों की सीधी पहुंच पर हम इतरा सकते हैं पर यह न भूलें कि दरअसल, बहुसंख्य नागरिक इस सुविधा का इस्तेमाल अपनी कुंठित मानसिकता और कामुक उन्माद के लिए कर रहे हैं। सरकार या कानून एक हद तक ही अश्लीलता रोक सकते हैं। अश्लीलता या फूहड़ता के माध्यम से चर्चा पाने वालों को रोकने का बेहतरीन तरीका है, उनकी उपेक्षा करना। जो इंटरनेट प्रयोगकताओं को स्वयं सीखना होगा।

## चिंतन-मनन

### निरोगी काया भी हो ध्येय

सच्चे अर्थों में जीवन उतने ही समय का माना जाता है, जितना स्वस्थतापूर्वक जिया जा सके। कुछ अपवादों को छोड़कर अस्वस्थता अपना निज का उपार्जन है। सृष्टि के सभी प्राणी प्रायः जीवन भर निरोग रहते हैं। मनुष्य की उच्छृंखल आदत ही उसे बीमार बनाती है। जीभ का चटोरापन अतिशय मात्रा में अखाद्य खाने के लिए बाधित करता रहता है। जितना भार उठ नहीं सकता, उतना लादने पर किसी का भी कचूमर निकल सकता है। बिना पचा सड़ता है और सड़न के रक्त प्रवाह में मिल जाने से जहां भी अवसर मिलता है, रोग का लक्षण उभर पड़ता है। अस्वच्छता, पूरी नींद न लेना, कड़े परिश्रम से जी चुराना, नशेबाजी जैसी आदत स्वास्थ्य को जर्जर बनाने का कारण बनते हैं। खुली हवा और रोशनी से बचना, घुटन भरे वातावरण में रहना भी बीमारी का बड़ा कारण है। भय या आक्रोश जैसे उतार-चढ़ाव भी मनोविकार बढ़ाते और व्यक्ति को सनकी, कमजोर व बीमार बनाते हैं।

शरीर को निरोगी बनाकर रखना कठिन नहीं है। आहार, श्रम एवं विश्राम का संतुलन बिठाकर हर व्यक्ति आरोग्य एवं दीर्घजीवन पा सकता है। दूसरे नियम भी ऐसे नहीं, जिनकी जानकारी आमजन को न हो सके। उन्हें थोड़े से प्रयास से जाना जा सकता है। आलस्य रहित, श्रमयुक्त व्यवस्थित दिनचर्या का निर्धारण करना सरल है। स्वाद को नहीं-स्वास्थ्य को लक्ष्य करके उपयुक्त भोजन की व्यवस्था हर स्थिति में बनानी संभव है। सुपाच्य आहार समुचित मात्रा में लेना जरा भी कठिन नहीं है।

शरीर को उचित विश्राम देकर हर बार तरोताजा बना लेने के लिए कहीं से कुछ लेने नहीं जाना पड़ता। यह सब असंयम एवं असंतुलन वृत्ति के कारण नहीं सध पाता और हम सुर दुर्लभ देह पाकर भी नर्क जैसी यातनाग्रस्त स्थिति में पड़े रहते हैं। शारीरिक आरोग्य के मुख्य आधार संयम एवं नियमितता ही है, इनकी उपेक्षा करके मात्र औषधियों के सहारे आरोग्य लाभ का प्रयास मृग मरीचिका के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर औषधियों का सहारा लाठी की भांति लिया तो जा सकता है, किन्तु चलना तो पैरों से ही पड़ता है। शारीरिक आरोग्य एवं सशक्तता जिस जीवनीशक्ति के ऊपर आधारित है उसे बनाये रखना इन्हीं माध्यमों से संभव है।

# अपने ही घर में असुरक्षित होतीं बच्चियां



मुकेश तिवारी

आजकल मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। ऐसे कई मामले हाल ही में प्रकाश में आए हैं जिनमें पिता या करीब के रिश्तेदार ने ही ऐसा घृणित काम किया है दिलों दिमाग को झकझोरा कर रख देने वाली इन घटनाओं ने पवित्र रिश्तो। जिन पर समाज टिका है पर सवालिया निशान लगा दिया है घर अब तक बच्चों के लिए सबसे महफूज जगह थी। वहां भी अब वे असुरक्षित हो गए है।

भारत भर में इन दिनों छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है चौंकाने वाली बात यह है कि मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाला कोई अपना करीबी रिश्तेदार से लेकर स्कूल शिक्षक भी हो सकता है। वर्तमान में ऐसी बहुत-सी घटनाएं प्रकाश में आई है। जिसमें पिता ने ही बेटी के साथ। भाई ने बहन के साथ। चाचा ने भतीजी और यहां तक की दादा ने पोती के साथ स्कूली शिक्षक ने मासूम छात्रा के साथ दुष्कर्म जैसा घिनौना कृत्य किया। उधर भोपाल के हमीदिया में 11साल की बच्ची की मौत के बाद बड़ा सवाल -मासूम बच्चियों से बार बार दरिंदगी करने वाले कैसे कोर्ट से छूटते रहे?

50 वर्षी फारुख ने दिल्ली के झोपड़ पट्टी क्षेत्र में अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ पत्नी की गैरमौजूदगी में बलात्कार किया। शासकीय कार्यालय में कार्यरत पवन ने अपनी 14 वर्षीय बेटी को डरा धमकाकर उसके साथ यौनाचार किया।बी एस एफ में कार्यरत भोले पाल ने अपने घर में काम करने वाली नौकरानी की बेटी से कई दिनों तक अपनी हवस शांत की।दिल्ली के हर तरह से साधन संपन्न परिवार से ताल्लुक रखने वाले 24 वर्षीय विनोद ने अपनी 10 वर्षीय सौतेली बहन के साथ तकरीबन तीन दिनों तक यौन दुराचार किया। सुशील कुमार ने त्रिलोकपुरी में शशि गार्डन में अपने पड़ोस की 8 बषीय बच्ची से बलात्कार किया। रिश्ते में सुशील मासूम बच्ची का चाचा था। गांव की 10 वर्षीय भोली भाली बच्ची के साथ धर्मवीर ने बलात्कार किया। मुरादाबाद रेलवे कालोनी के अनिल कुमार ने 13 वर्ष की लड़की के साथ शौचालय में बलात्कार किया। यह घटनाएं दिल और दिमाग को झांकझोर कर रख देती हैं साथी उन पवित्र रिश्तों में घृणा भी पैदा करती हैं जिस पर समस्त भारतीय समाज टिका हुआ है। वर्तमान समय में पुरुष की शारीरिक हवस इतनी बढ़ गई है कि उसने 60 साल की बूढी औरत से लेकर 4 महीने की मासूम बच्ची को भी नहीं छोड़ा है। शाजापुर जिले में रमेश सिंह ने साल 2003में 5साल की बच्ची से दरिंदगी की कोर्ट से उसे 10साल की सजा मिली।बर्ष 2014मे वह सजा काटकर बाहर आया तो उसने आष्टा में 8साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया लोअर कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। तो आरोपी ने हाईकोर्ट में सजा रिवीजन की अपील की गई। तो बर्ष 2019मे कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। कोर्ट से छूटते ही गत 25फरवरी 2025को उसने नरसिंहगढ (राजगढ़) में 11साल की मूक बधिर बच्ची को सोते समय अगवाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने दुष्कर्म के दौरान बच्ची को ऐसे जख्म दिए कि उसने भोपाल के हमीदिया अस्पताल में 8फरवरी 2025 को दम तोड दिया। दुष्कर्म के आरोपी रमेश सिंह की 27व 16साल की दो बेटियां और एक बेटा है वह अपनी दोनों बेटियों पर भी बुरी नजर रखता है। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के ही विदिशा में भी सामने आ चुका है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान गोलू उर्फ. कोमल अहिरवार 28 में 3 साल की बच्ची को अगवा किया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। जांच में पता चला कि 2015 में भी वह इसी मैरिज गार्डन में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म कर चुका है।लोअर कोर्ट ने उसके अपराध को देखते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी हालांकि कोर्ट ने उसे बरी कर दिया।

पिता, भाई, चाचा और दादा अपने ही खून से आंखें चुराकर उनके शरीर का शोषण करते हैं।एक अजीब सा वीभत्स भाव तब आता है जब कोई पिता अपनी बेटी को हवस का शिकार यह कहकर बनता है कि जब पेड़ मैंने लगाया है तो फल कोई और क्यों खाए।मैं ही क्यों न खाऊं ,पिता, दादा, और भाई बलात्कारी जरा सोचिए ऐसी त्रासदी की कल्पना करना भी कठिन है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए।

हमेशा से समाज में लड़कियों के साथ दोयम दर्जे का सलूक तो चलता ही था। लेकिन समाज की कुछ मयार्दाएं हुआ करती थी। पुरुष अपने ऊपर संयम रखते थे। धीरे धीरे औरतों के साथ होने वाला गलत व्यवहार शिशु हत्या और दहेज हत्या की तरफ बढ़ा लेकिन पराकाष्ठा तब हुई जब कोई अपनी बहन, बेटी ,भतीजी और पोती के साथ दुष्कर्म करने लगा। परिवारों में पनपने वाली इस नई संस्कृति को अनैतिकता अश्लीलता या संवेदनहीनता कुछ भी कहे लेकिन अब समस्या यह है की छोटी बच्चियां या औरतें अपने परिवार में ही असुरक्षित हो तो कहां जाए ?किस पर भरोसा करें? किससे संरक्षण मांगे? क्या इन सवालों के उठने के बावजूद भारतीय समाज स्वयं को श्रेष्ठ और पश्चिम को कुत्सित मान सकता है।

आखिर ऐसे कौन से ऐसे कारण हैं जिनके वशीभूत होकर पुरुष अपना संयम खो बैठते हैं? निचले तबके के लोगों ने बताया कि नशे के कारण पुरुष अपना संयम खो बेठते है। जगह की कमी के कारण सात आठ लोग एक ही झुग्गी में सोते हैं और रात को



अश्लील फिल्म देखकर वहन , बेटी को ही अपनी हवस का शिकार बना डालते हैं। शराब के नशे में शारीरिक भूख इतनी तीव्र होती है कि अपने पराए का भेदभाव भुला देती है। खासतौर से अशिक्षित लोगों के लिए क्या अच्छा है क्या बुरा? कुछ समझ ही नहीं आता। हैरानी की बात है कि शराब के नशे में बाप को बेटी नहीं हवस मिटाने का सामान नजर आता है।

यहां तो रही निम्न वर्ग की बात, उच्च या मध्यम वर्ग में भी ऐसा ही है। उनकी बेटियां भी अपने घरों में असुरक्षित है। आज समस्त भारतीय समाज की आसकित पश्चिमी देशों की तरफ बढ़ रही है। रहन-सहन आचार विचार माहौल और यहां तक की रिश्तो में मतभेद न रखने की प्रवृत्ति भी वही की देन है। आधुनिक जीवन पश्चिम की भांति विवाह और परिवार की लंबे समय तक एक जुटता में विश्वास नहीं रख रहा।वैवाहिक जीवन तेजी से असंतोषपूर्ण होता जा रहा है। घुटन तनाव और टक्कर संबंध विच्छेद और तलाक का दौर पश्चिम की तर्ज पर चल पड़ा है। ऐसे माहौल में पुरुष उच्छंलन हो उठते हैं और फिर उनकी शिकार पत्नी से लेकर बहन बेटी। से लेकर छात्रा तक कोई भी हो सकती है।

(लेखक के विषय में -मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# आधी आबादी : आगे बढ़ाने की कोशिशें धुंधली



संजीव ठाकुर

भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है। स्वतंत्र काल से शुरू हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है। आज भी महिलाएं सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-सांस्कृतिक, सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैं। आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है, बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत की विकास की दर बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद में है।

विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। अनेक सामाजिक-आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी होती दिखाई दे रही हैं। यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है। प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदूषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया। महिलाओं को घर की चारदीवारी में बंद होना पड़ा था। इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता, ऊर्जा, शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं। भारत एवं विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं, जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है। उनके नामों की सूची लंबी है। उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही हैं। इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक प्रबंधन करती आ रही हैं।

अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही हैं। जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं। महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन, मेडिकल, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी, एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही हैं, और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उनका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं हैं, चाहे शनि सिंगनापुर, हाजी अली दरगाह या तीन तलाक का मामला हो, इनकी सजगता सामाजिक परिवर्तन लाई है। सरकार भी इनकी भूमिका को स्वीकार करते हुए थल, जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका में इनकी नियुक्ति कर रही है। राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तर पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए हैं किंतु हमें हमेशा स्मरण रखना चाहिए कि देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी और सम्मान नहीं मिल पा रहा है, जिसके लिए वे हकदार हैं।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 25प्र. से भी कम रह गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक-मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरु षों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है। इसके अलावा, दुनिया की सबसे कम वेतन वाली नौकरियों में 60प्र. महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया गया है। इन परिस्थितियों में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम, 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी किए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड़ अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है कि किस प्रकार महिलाओं की श्रम बल में अधिक



भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करती है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है कि महिलाएं कोमल हैं पर कमजोर नहीं हैं। शक्ति का नाम ही नारी है। भारत के विकास में सही मायने में 50प्र. भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं देश को विश्व के विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं। जरूरत इनकी शक्ति, क्षमता और योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक विकास में महिलाओं के सवाृगीण विकास को आधार बना कर आर्थिक महाशक्ति बनने का स्वप्न साकार हो सकता है।



## साल में सिर्फ एक बार खिलने वाला ये फूल बदल सकता है आपकी किस्मत

हिंदू धर्म में कई पेड़-पौधे पवित्र और पूजनीय माने जाते हैं. ऐसे पौधों में तुलसी, केला, एलोवेरा आदि शामिल हैं. हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि एलोवेरा का भी फूल भी होता है और ज्योतिष शास्त्र में एलोवेरा के पौधे और उसके फूल का बहुत महत्व है. आपको बता दें कि एलोवेरा के फूलों का खिलना बेहद सौभाग्यशाली माना जाता है.

एलोवेरा के फूल केवल अनुकूल मौसम की स्थिति में ही खिलते हैं. यदि आप चाहते हैं कि आपके घर में एलोवेरा के फूल खिले, तो इसे ऐसे स्थान पर उगाएं जहां पर्याप्त धूप मिले. इन पौधों और फूलों को सूर्य की रोशनी की बहुत आवश्यकता होती है. इसलिए इसे छायादार स्थानों पर नहीं रखना चाहिए. एलोवेरा के पौधे घर के अंदर भी उगाए जा सकते हैं. लेकिन, इनके घर के अंदर उगने वाले एलोवेरा में फूलों की तरह खिलने की संभावना नहीं होती है.

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार एलोवेरा के पौधे और उसके फूलों में भी कई गुण होते हैं. स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ आध्यात्मिक लाभ भी इससे मिलता है. आध्यात्मिक दृष्टि से ये फूल बहुत महत्वपूर्ण हैं. यदि एलोवेरा का पौधा नारंगी या लाल फूलों के साथ खिलता है तो इसे शुभ संकेत माना जाता है.

एलोवेरा के पौधों के कई स्वास्थ्य लाभ हैं. ये त्वचा और बालों के लिए अच्छे हैं. एलोवेरा जेल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. इसका उपयोग मधुमेह और पाचन समस्याओं सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए दवा के रूप में किया जाता है. एलोवेरा के फूलों का उपयोग हर्बल चाय बनाने के लिए किया जाता है.

एलोवेरा जेल अपने अनेक गुणों के लिए प्रसिद्ध है. एलोवेरा को कई घरों में पारंपरिक औषधि माना जाता है और इससे संबंधित नुस्खे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक साझा किए जाते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं है कि एलोवेरा जेल विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो एक उपचार एजेंट के रूप में कार्य करता है. इसके अतिरिक्त, एलोवेरा जेल में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो इसे हाइड्रेटर बनाती है.

ज्योतिषाचार्य राहुल डे का कहना है कि एलोवेरा के फूल में धन को आकर्षित करने की क्षमता होती है. इससे परिवार में सुख-समृद्धि आती है. परिवार के सदस्य प्रेम से भरे हुए हैं. जिनके घर में एलोवेरा का फूल उगता है उनकी आर्थिक समस्याएं दूर हो जाती हैं. क्योंकि इस फूल में धन को आकर्षित करने की प्रबल क्षमता होती है.

बता दें, हर एलोवेरा का पौधा खिलता नहीं है. एलोवेरा के पौधे तभी खिलते हैं जब उनकी अच्छी देखभाल की जाती है. आर्थिक लाभ के लिए एलोवेरा के फूलों को लाल कपड़े में लपेटकर अपने पूजा घर या जहां भी आप पैसे रखते हैं वहां रख दें. इससे आपकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी.



# इस साल महाशिवरात्रि पर 60 साल बाद बनने जा रहा है दुर्लभ संयोग

**विज्ञान हजारों वर्षों से शिव के अस्तित्व को समझने का प्रयास कर रहा है. जब भौतिकता का मोह समाप्त हो जाता है और ऐसी स्थिति आ जाती है कि इंद्रियां भी बेकार हो जाती हैं, उस स्थिति में शून्यता आकार ले लेती है और जब शून्यता भी अस्तित्वहीन हो जाती है तब वहां शिव प्रकट होते हैं. शिव शून्य से परे हैं, जब व्यक्ति भौतिक जीवन को त्यागकर सच्चे मन से ध्यान करता है तो शिव की प्राप्ति होती है. महाशिवरात्रि शिव के एक-आयामी और अलौकिक रूप को हर्षोल्लास के साथ मनाने का त्योहार है.**

### भगवान शिव से जुड़ीं कुछ मान्यताएं बेहद प्रचलित

ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक धार्मिक त्योहार है, जिसे हिंदू धर्म के प्रमुख देवता महादेव यानी भगवान शिव के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. महाशिवरात्रि का त्योहार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है. इस दिन शिव भक्त और शिव में आस्था रखने वाले लोग व्रत रखते हैं और विशेष रूप से भगवान शिव की पूजा करते हैं. महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव से जुड़ी कुछ मान्यताएं बहुत ज्यादा प्रचलित हैं. माना जाता है कि इस खास दिन पर भगवान शंकर आधी रात को ब्रह्मा के रुद्र रूप में अवतरित हुए थे.

### तांडव और विवाह से जुड़ीं मान्यताएं

ऐसी भी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने तांडव कर अपनी तीसरी आंख खोली थी और इसी आंख की ज्वाला से ब्रह्मांड को नष्ट कर दिया था. इसके अलावा कई जगहों पर इस दिन को भगवान शिव के विवाह से भी जोड़ा जाता है और माना जाता है कि इस पावन दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था.

वैसे तो हर महीने में शिवरात्रि होती है, लेकिन फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को आने वाली इस शिवरात्रि का बहुत महत्व है, इसलिए इसे महाशिवरात्रि कहा जाता है. दरअसल महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की पूजा का पर्व है, जब धार्मिक लोग विधि-विधान से महादेव की पूजा करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. इस दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं, जो शिव के दर्शन और पूजन कर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं.

### इस पवित्र वस्तुओं से करें भगवान शिव का अभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन शिव की पूजा-अर्चना कर उनका विभिन्न पवित्र वस्तुओं से अभिषेक किया जाता है और बिल्वपत्र, धतूरा, अबीर, गुलाल, बेर, उम्बी आदि चढ़ाए जाते हैं. भगवान शिव को भांग बहुत प्रिय है, इसलिए कई लोग उन्हें भांग भी चढ़ाते हैं. पूरे दिन व्रत और पूजा करने के बाद शाम को फलाहार किया जाता है. महाशिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा करने का सबसे बड़ा दिन माना जाता है. कहा जाता है कि अगर इस दिन भोले को प्रसन्न कर लिया जाए तो आपके सारे काम सफल होते हैं और सुख-समृद्धि आती है. भोले के भक्त शिवरात्रि के दिन कई तरह से भगवान शिव की पूजा करते हैं. शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगती है, जो बेलपत्र और जल चढ़ाकर शिव का गुणगान करते हैं.

### 60 साल बाद महाशिवरात्रि बनने जा रहा है दुर्लभ संयोग

हर साल यह पर्व फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है. हिन्दू पंचांग के अनुसार, इस साल महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी. महाशिवरात्रि फाल्गुन मास की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी, 2025 को सुबह 11:08 बजे से शुरू हो रही है और 27 फरवरी, 2025 को सुबह 08:54 बजे तक रहेगी. साल 2025 में महाशिवरात्रि के दिन एक दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है. इस दिन कुंभ राशि में तीन ग्रहों की युति होगी. दरअसल, इस दिन कुंभ राशि में सूर्य, बुध और शनि एक साथ रहेंगे. साल 1965 में महाशिवरात्रि के दिन ऐसा ही संयोग बना था. इसके साथ ही 60 साल पहले महाशिवरात्रि के दिन चंद्रमा मकर राशि में था, इस बार भी चंद्रमा मकर राशि में रहेगा. इस दुर्लभ संयोग पर महाशिवरात्रि का आना बेहद खास माना जा रहा है.

### महाशिवरात्रि के पावन अवसर इस तरह भोलेनाथ की कृपा पा सकते हैं.

शास्त्रों में कहा गया है कि इस दिन ज्योतिषीय उपाय करने से आपकी सभी परेशानियां समाप्त हो सकती हैं. महाशिवरात्रि के दिन महादेव और पार्वती की पूजा शुभ मुहूर्त में ही करनी चाहिए, तभी इसका फल मिलता है. इस दिन का हर पल अत्यंत शुभ होता है. इस दिन व्रत रखने से अविवाहित लड़कियों को मनचाहा पति मिलता है और विवाहित महिलाओं का वैधव्य दोष भी नष्ट होता है.

महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की पूजा करने से कुंडली के नौ ग्रह दोष शांत होते हैं, खासकर चंद्रमा से होने वाले दोष जैसे मानसिक अशांति, माता के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में देरी, हृदय रोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ठ रोग, सर्दी-खांसी, दमा रोग, खांसी-निमोनिया संबंधी रोग ठीक होते हैं और समाज में मान-सम्मान बढ़ता है.

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से व्यापार में उन्नति होती है और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ती है. भांग चढ़ाने से घर में अशांति, भूत बाधा और चिंताएं दूर होती हैं. मंदार पुष्प से नेत्र और हृदय रोग दूर रहते हैं.

शिवलिंग पर धतूरे के पुष्प और फल चढ़ाने से औषधियों और विषैले जीवों का खतरा समाप्त होता है. शमीपत्र चढ़ाने से शनि की साढ़ेसाती, मारकेश और अशुभ ग्रह गोचर से हानि नहीं होती. इसलिए श्री महाशिवरात्रि के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करें और शिव कृपा से तीनों प्रकार के कष्टों से मुक्ति पाएं.

### ऐसे करें भगवान शिव की पूजा


महाशिवरात्रि पूजा विधि: शिवपुराण के अनुसार, भक्त को सुबह उठकर स्नान करके संध्या के नित्य कर्म से निवृत्त होकर माथे पर भस्म का तिलक लगाना चाहिए और गले में रुद्राक्ष की माला पहननी चाहिए, शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए और शिव को नमस्कार करना चाहिए. इसके बाद इस प्रकार भक्ति भाव से व्रत का संकल्प लेना चाहिए.

हल्दी का तिलक: शिवरात्रि पर भक्त मंदिर में भगवान शिव को हल्दी से तिलक लगाते हैं. वैसे भी हल्दी का प्रयोग लगभग हर धार्मिक कार्य में किया जाता है. लेकिन भगवान शिव को हल्दी नहीं चढ़ाई जाती. इसका कारण यह है कि हल्दी स्त्री प्रसाधन है और शास्त्रों के अनुसार शिवलिंग पुरुषत्व का प्रतीक है.

लाल फूल: आपने देखा होगा कि शिवरात्रि पर मंदिरों के बाहर खूब फूल बिकते हैं. लेकिन क्या आपने गौर किया है कि इन फूलों में लाल फूल नहीं होते. ज्यादातर गेंदा ही दिखाई देता है. ऐसा इसलिए क्योंकि भगवान शिव को लाल फूल नहीं चढ़ाए जाते. कहा जाता है कि सफेद फूल चढ़ाने से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं.

सिंदूर या कुमकुम: महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए सिंदूर या कुमकुम लगाती हैं. ऐसा कहा जाता है कि भगवान शिव को विघ्नहर्ता के रूप में जाना जाता है, इसलिए शिवलिंग पर सिंदूर या कुमकुम नहीं चढ़ाना चाहिए. इसके बजाय आप चंदन का इस्तेमाल कर सकते हैं. तांबे का लोटा: इस बार जब आप भगवान शिव को जल चढ़ाने जाएं तो तांबे या पीतल के लोटे का ही इस्तेमाल करें, स्टील या लोहे के लोटे का नहीं.

शंख बजाना शुभ: हिंदू धर्म में शंख को बहुत पवित्र माना जाता है. हर पूजा में इसे बजाना और इससे लोगों को जल देना बहुत शुभ माना जाता है. लेकिन ऐसा कहा जाता है कि शंख से शिवलिंग पर जल नहीं चढ़ाना चाहिए. ऐसा करना वर्जित माना जाता है.



## सूर्य को अर्घ्य देते समय जल में डालें ये चीज, सोने जैसा चमक उठेगा भाग्य, मिलेगी तरक्की

**सनातन धर्म में सूर्य देव को प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। वे जीवन के ऊर्जा स्रोत हैं और उनकी आराधना का विशेष महत्व है. माना जाता है कि सूर्य देव की नियमित पूजा करने से व्यक्ति को तेज, यश और सफलता की प्राप्ति होती है. सूर्य को जल अर्पित करना एक प्राचीन और शक्तिशाली उपाय है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है.**

लेकिन क्या आप जानते हैं कि सूर्य को जल देते समय यदि आप एक विशेष चीज़ को लोटे में डालकर अर्पित करें, तो आपका भाग्य सोने की तरह चमक उठेगा और आपको हर काम में तरक्की मिलेगी? आइए जानते हैं दिल्ली के मशहूर ज्योतिषाचार्य आशुतोष शर्मा से वो चमत्कारी चीज़ क्या है और इसे जल में डालने का सही तरीका क्या है

वो चमत्कारी चीज है: लाल चंदन

लाल चंदन को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है. यह सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है और इसे समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है. ऐसा माना जाता है कि लाल चंदन सूर्य देव को अत्यंत प्रिय है.

लाल चंदन डालकर सूर्य को जल अर्पित करने के फायदे

भाग्य में वृद्धि: लाल चंदन को जल में डालकर सूर्य को अर्पित करने से भाग्य चमक उठता है और दुर्भाग्य दूर होता है.

सफलता और तरक्की: यह उपाय आपको हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है और आपके करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलते हैं.

मान-सम्मान में वृद्धि: लाल चंदन यश, कीर्ति और मान-सम्मान का प्रतीक है. इसे जल में डालकर सूर्य को अर्पित करने से समाज में आपका सम्मान बढ़ता है.

नकारात्मक ऊर्जा का नाश: लाल चंदन नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक होता है. इसे जल में डालकर सूर्य को अर्पित करने से आपके आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है.

आर्थिक समृद्धि: लाल चंदन धन और समृद्धि को आकर्षित करता है. इस उपाय को करने से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं और धन लाभ के योग बनते हैं.

सूर्य को जल अर्पित करने का सही तरीका

ब्रह्म मुहूर्त में उठें: सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें.

तांबे का लोटा लें: जल अर्पित करने के लिए तांबे का लोटा सबसे उत्तम माना जाता है.

जल में लाल चंदन मिलाएं: लोटे में शुद्ध जल भरें और उसमें चुटकी भर लाल चंदन पाउडर मिलाएं.

सूर्य की ओर मुख करें: पूर्व दिशा की ओर मुख करके सूर्य देव को प्रणाम करें.

जल अर्पित करें: लोटे से धीरे-धीरे जल अर्पित करें और फ? सूर्याय नम:फ मंत्र का जाप करें.

अर्पित करते समय ध्यान रखें: जल की धारा आपके पैरों पर न गिरे.

प्रार्थना करें: सूर्य देव से अपने जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता की प्रार्थना करें.

कुछ अन्य महत्वपूर्ण बातें

इस उपाय को नियमित रूप से करें.

श्रद्धा और विश्वास के साथ जल अर्पित करें.

तामसिक भोजन और नकारात्मक विचारों से दूर रहें.

## मंगलवार को जरूर करें ये 3 काम, जीवनभर बनी रहेगी हनुमानजी की कृपा

हिंदू धर्म में सप्ताह के सातों दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित हैं. मंगलवार का दिन भगवान हनुमान की पूजा के लिए समर्पित है. कहा जाता है कि इस दिन जो व्यक्ति वज्रांगबली की पूजा करता है और उनका स्मरण करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. इससे सभी कष्टों और आर्थिक तंगी से भी राहत मिलती है.

यदि आप लगातार किसी न किसी समस्या में फंसे रहते हैं. अगर आप जिस काम को शुरू करने की सोच रहे हैं उसमें आपको नुकसान हो रहा है, तो आपको मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा से जुड़े कुछ उपाय जरूर करने की सलाह दी जाती है. ज्योतिषाचार्य के मुताबिक ऐसा करने से आपकी समस्या दूर हो सकती है.

ज्योतिष शास्त्र में मंगल ग्रह को बहुत सख्त बताया गया है. यदि कुंडली में मंगल की स्थिति शुभ हो तो जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है और सुख-शांति और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है. लेकिन, यदि कुंडली में मंगल की स्थिति शुभ न हो तो जिंदगी में कई वजहों से समस्याएं आती रहती है. ऐसे में कुंडली में मंगल को मजबूत करने के लिए ज्योतिष शास्त्र में कुछ उपाय और युक्तियां बताई गई हैं. मंगलवार को सूर्यास्त के बाद एक इलायची, पांच लौंग और एक कपूर का टुकड़ा एक साथ लेकर इन्हें एक पात्र में रखकर जलाएं और पूरे घर में इसका धुंआ फैलाएं. पूरे घर में धुंआ फैलाते हुए %? हं हनुमते नम:% मंत्र का ग्यारह बार जाप जरूर करें. आप धुंआ दिखने के बाद भी इस मंत्र का जाप कर सकते हैं. इसके साथ ही आपके मन में जो भी इच्छा हो उसे व्यक्त करें. इसके बाद जली हुए राख को पानी में डालकर किसी भी गमले या फूल की कियारी में डाल दें. ऐसा लगातार तीन मंगलवार को करने से आपको बहुत अच्छे लाभ मिलेंगे.

बता दें, मंगलवार का दिन बजरंगबली की पूजा के लिए भी शुभ माना जाता है, अगर आपका प्रमोशन लंबे समय से रुका हुआ है या सैलरी नहीं बढ़ी है तो आप लड्डू दान करके भगवान हनुमान को प्रसन्न कर सकते हैं. मंगलवार के दिन हनुमान जी को प्रिय बेसन के लड्डू दान करने से आपके जीवन में अच्छे दिन आ सकते हैं. आप चाहें तो हर मंगलवार को हनुमान मंदिर जाकर उनके दर्शन कर सकते हैं.



## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक से कुचलकर स्टेट बैंक अधिकारी की मौत

**गोपालगंज।** मांझा थाना क्षेत्र के भोजपुरवा गांव के पास एनएच-27 पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के एक अधिकारी की जान चली गयी। मृतक की पहचान टिंकू कुमार के रूप में हुई है, जो भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में एटीएम कैश डिलिवरी इंचार्ज के रूप में कार्यरत थे। वह पटना जिले के बेऊर थाना क्षेत्र के बतौरा गांव के मूल निवासी थे। टिंकू किराये के मकान में रहते थे और बाइक से बैंक आते-जाते थे।

### सीवान के लापता युवक का लटका मिला शव

**गोपालगंज।** श्रीपुर थाना क्षेत्र के पांडेय परसा गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया है। मृतक की पहचान कैलाश यादव के रूप में हुई है, जो सीवान जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के चौकी हसन का निवासी था। कैलाश यादव स्व। पारस यादव का पुत्र था और उसकी मौत ने इलाके में खलबली मचा दी है। घटना 23 फरवरी की रात की है, जब कैलाश का शव एक अर्धनिर्मित मकान में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया।

### उदाकिशुनगंज के तीनटेंगा नहर में मिला शव

**मधेपुरा।** अपराधियों ने एक अज्ञात युवक की दूसरे जगह निर्मम हत्या करने के बाद शव को तीनटेंगा नहर स्थित पुल के नीचे पानी में फेंक दिया। सोमवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने जब को लहुलुहान हालत में शव को नहर में देखा तो इसकी सूचना मुखिया प्रतिनिधि प्रीतम मंडल को दिया। स्थानीय ग्रामीणों के साथ जब तीनटेंगा गांव के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि युवक की हत्या धारदार हथियार से किया गया है। युवक के शरीर पर कई जगह वार कर उसकी हत्या की गई है। आंख और सिर पर गहरे ज़ख्म पाए गये। वहीं अपराधियों ने युवक का आंख भी निकालने का प्रयास किया। वहीं गले में जख्म का निशान पाया गया। इससे प्रतीत होता है कि अपराधियों द्वारा हत्या के दौरान साक्ष्य को मिटाने की नियत से युवक के शरीर पर कई जगह वार कर शव को तीनटेंगा नहर पुल के नीचे फेंक कर फरार हो गया।

### हत्या के आरोपी बिट्टू व हासिम का सरेंडर

**मोतिहारी।** शहर के अगरवा मोहल्ला के रहने वाले प्रॉपटी डीलर कृष्णा सहनी की हत्या के मुख्य आरोपी बिट्टू सहनी व हासिम मियां ने पुलिस दबिश के कारण सोमवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने दोनों आरोपियों पर 15-15 हजार के इनाम की घोषणा की थी। इनाम घोषित होने के 24 घंटे के अंदर ही दोनों ने न्यायालय में पहुंच आत्म समर्पण कर दिया। एसपी ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जायेगा। बिट्टू शहर के अगरवा मोहल्ला का रहने वाला है, जबकि हासिम मियां रघुनाथपुर मजुराहां गांव का है।

### कुंभ से लौट रही कार ने ट्रक में मारी ठोकर, एक की मौत, पांच घायल

**डुमरियाघाट (पूचं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर रामपुर खजुरिया फ्लाई ओवर के समीप स्थित धर्मकांटा के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार कार ने खड़े ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। इसमें कार में सवार एक छह सात की नवोदया कुमारी की मौत हो गयी। पांच लोग जख्मी हो गए। घायलों में विशाल कुमार (40), शालिनी कुमारी (35), निर्भय कुमार (12), नित्या कुमारी (13) व कुणाल कुमार (38) हैं। सभी एक ही परिवार के सीतामढ़ी जिले के नगर थाने के रीगा रोड के वार्ड 2 स्थित नया टोला के रहने वाले है। शालिनी कुमारी विशाल कुमार की पत्नी, निर्भय पुत्र व नित्या पुत्री है। घटना में मृत नवोदया उनकी छोटी पुत्री थी। कुणाल कुमार विशाल की मौसी का लड़का है। बताया जाता है कि सभी लोग कुंभ स्नान कर कार से अपने घर सीतामढ़ी लौट रहे थे।

# पति से नाराज पत्नी ने एक-एक कर तीन बच्चों को कुएं में फेंका, हुई मौत



**कल्याणपुर (समस्तीपुर)।** पति से नाराज महिला ने उसे सबक सिखाने के लिए उसने बच्चों की हत्या कर दी। चकमेहसी थाने के मालीनगर ठहरा के चंदन कुमार महथा की पत्नी सीमा ने शनिवार की रात तीनों बच्चों तरुण कुमार (6 वर्ष), तानिया (4 वर्ष) व तनीष (2 वर्ष) को कुएं में फेंक कर मार डाला। घटना के बाद सीमा की पहचान गांव में साइको किलर के रूप में हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन से उसके पति के साथ अनबन चल रही थी। संभवतः इसको लेकर पति को सबक सिखाने की ठान ली होगी। क्योंकि बच्चे भी हमेशा पिता से ही लगे रहते थे। इससे सीमा अंदर ही अंदर घुटती रहती थी। बताया जा रहा है कि सीमा बारी-बारी से तीनों बच्चों को पेशाब कराने के बहाने बाहर ले गयी।

सड़क किनारे बंद पड़े कुएं में तीनों को फेंक दिया। बकौल सीमा जब वह बच्चों को धकेल रही थी, तो बड़ा लड़का तरुण पहली बार धकेलने पर कुएं की मुंडेर से टकरा गया। फिर वहां से भागने की कोशिश की। फिर उसे पकड़ कर कुएं में धकेल दिया। सीमा ने अपनी मां के सामने कबूल कर लिया कि उसने ही बच्चों को कुएं में धकेल कर मौत के घाट उतारा है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव का बताना है कि पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

**सात वर्ष पूर्व दोनों ने किया था प्रेम विवाहः** चंदन ने सात वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। यह शादी अंतरजतीय थी। लोगों की मानें तो शादी के बाद चंदन परिवार चलाने के लिए ऑटो चलाया करता था। चंदन की ससुराल वारिसनगर थाने चंदौली गांव में है। खबर सुनकर चंदन के सास-ससुर मिलने आये। इसी दौरान चकमेहसी पुलिस को जानकारी हुई कि ससुर प्रमोद दास पूर्व के मामले का अभियुक्त है। पुलिस ने प्रमोद दास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे गया



**गया।** बोधगया में निजी कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा गया पहुंचे। गया एयरपोर्ट से निकलते ही ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। उनके आगमन पर मंत्री ने प्रशंसा की व आभार जताया। डॉ कुमार ने कहा कि गया को उनके द्वारा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का तोहफा दिया जाना हो या अंग्रेजों के जमाने से बने पटना मेडिकल कॉलेज के स्थान पर नये पीएमसीएच अस्पताल, जो एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल होगा। जिसमें 5000 बेड की क्षमता है का उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ कल शामिल होंगे।

## मखाना बोर्ड पर गंदी राजनीति बर्दाश्त नहीं करेंगे : पप्पू यादव

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के आह्वान पर मखाना बोर्ड की स्थापना की मांग को लेकर सोमवार को आहूत पूर्णिया और कटिहार बंद सफल रहा। इस बंद का नेतृत्व सांसद के प्रतिनिधियों, अफरोज आलम, दिवाकर चौधरी वैश खान, एवं संजय सिंह अलग अलग टोली बनाकर कर रहे थे। बंद के दौरान सभी बाजार और दुकानें बंद रहीं।बंद का मुख्य उद्देश्य कोसी-सीमांचल क्षेत्र में मखाना और मक्का आधारित उद्योगों की स्थापना करना और मखाना बोर्ड की स्थापना के लिए सरकार से मांगों को मनवाना है। सांसद प्रवक्ता राजेश यादव ने कहा कि जब मक्का और मखान की खेती बहुतायत रूप में पूर्णिया, कटिहार, कोसी और सीमांचल में होती है, तो बोर्ड भी यहीं बनना चाहिए।

### सीएसपी के संचालक से तीन लाख रुपये लूटे

**मधुबनी।** राजनगर-मधुबनी मुख्य सड़क पर परिहारपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के निकट बेख़ौफ़ बाइक सवार अपराधियों ने पीएनबी सीएसपी कर्मी से रिवाल्वर के बल पर तीन लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार राजनगर केशवनगर निवासी चंदन सिंह का शिविपट्टी में पीएनबी का सीएसपी केंद चलता है।

## गरीब रथ के शौचालय में फंसा बच्चा



**सहरसा।** सहरसा से अमृतसर जा रही गरीब सुपरफास्ट ट्रेन में आठ साल का बच्चा शौचालय में फंस गया। बच्चा बाहर नहीं आया तो उसके पिता ने शौचालय के बाहर से आवाज लगायी। बच्चा रोते हुए बोला पापा गेट नहीं खुल रहा है। इसके बाद परिजन ने खुलवाने की काफी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। ट्रेन में तैनात टीटीइ ने इसकी सूचना कैरिज विभाग को दी, लेकिन काफी मशक्कत के बाद बच्चा किसी तरह से बाहर निकला। 30 मिनट तक बच्चा शौचालय में बंद रहा। दरअसल सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी थी। ट्रेन के तीन घंटा विलंब से खुलने की संभावना बतायी गयी थी। सहरसा निवासी रामकुमार अपने परिवार के साथ लुधियाना जा रहे थे। जी 15 कोच में उनका आरक्षण था। ट्रेन खुलने से पहले उनका 8 साल का बच्चा शौच करने शौचालय में चला गया। इसके बाद बच्चे ने दरवाजा लॉक कर लिया।

## विविध

### बांग्लादेश में वायुसेना के जवानों व नागरिकों के बीच हुई झड़प



**ढाका।** बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में सोमवार को वायुसेना के जवानों और स्थानीय जनता के बीच हुई झड़प में एक नागरिक की मौत हो गई। यह घटना उस अराजकता को उजागर करती है, जो बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद पैदा हुई है। बांग्लादेश की मीडिया में आई खबरों के अनुसार, भूमि अधिग्रहण के लिए स्थानीय लोगों के पुनर्वास पर चर्चा करने के लिए बांग्लादेश की वायुसेना के अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच सोमवार दोपहर को जिला प्रशासन कार्यालय में बैठक होनी थी। दोपहर के समय, मोहम्मद जाहिद नाम के निवासी और कुछ अन्य लोग बाइक से जिला प्रशासन कार्यालय जा रहे थे, तभी उन्हें डायबिटिक प्वाइंट के पास वायुसेना चेकपोस्ट पर रोक लिया गया।

वायुसेना के जवानों ने जाहिद को जबरन गाड़ी से उतार दिया, जिससे बहस छिड़ गई। जब उन्होंने जाहिद को हिरासत में लेने की कोशिश की तो स्थानीय लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए और बीच-बचाव करने लगे, जिससे टकराव की स्थिति पैदा हो गई। झड़प के दौरान, वायुसेना के जवानों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए ब्लैंक शॉट (blank shots) फायर किए, जिसमें 10 से 15 लोग घायल हो गए। कुछ घायलों को कॉक्स बाजार जिला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया।

### केरल में पांच लोगों की हत्या से सनसनी

**त्रिवेंद्रम।** केरल के त्रिवेंद्रम वेंजरामूड में 5 लोगों की अलग-अलग हुई हत्या से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। खबर के मुताबिक, आरोपी ने यहां 3 घरों के 6 लोगों पर हमला किया। वहीं, हमले में गंभीर रूप से घायल आरोपी की मां को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने त्रिवेंद्रम के अलग-अलग जगहों पर हमला करके 5 लोगों की हत्या की है। आरोपी ने दादी, उसके 13 साल का भाई एक लड़की की घर पर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि केरल में सनसनी फैला देने वाले इस हत्याकांड के आरोपी आज सुबह से ही कई हत्याओं को अंजाम दे रहे था। वहीं, आरोपी ने लड़की के माता-पिता की भी हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद आरोपी ने थाने जाकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को प्रारंभिक बयान दिया है कि उसने बड़ी रकम उधार ली है। आरोपी अपने पिता के साथ विदेश में था। वह हाल ही में भारत लौटा था। पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपराध कबूल करते हुए उसने पुलिस को बताया कि उसने चूहे मारने की दवा खा ली है। इसके बाद उसे तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अटिंगल के डीएसपी के नेतृत्व में जांच आगे बढ़ाई गई है।

## पेज एक का शेष

### पशुओं का चारा...

यूरिया व डीएपी किसानों को काफी सस्ते में दिया जाता है। अगर एनडीए की सरकार नहीं रहती, तो यूरिया व डीएपी की कालाबाजारी होती। पीएम ने कहा कि कोरोना के समय में भी किसानों को परेशानी का सामना करना नहीं पड़ा।

**पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को बताया लाडला मुख्यमंत्री :** मंच पर पहुंचते ही पीएम मोदी अपने चिरपरिचित अंदाज में सबसे पहले कहा-यहां के माय, बहिन सनी को प्रणाम करे छिये। महाकुंभ के समय मंदार की धरती पर आना और इस योजना को किसानों को देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लाडला मुख्यमंत्री कह कर संबोधित किया। उन्होंने कहा-हमारे लाडले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी हैं। इनके नेतृत्व में बिहार का काफी विकास हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति पीएम मोदी के लाडले संबोधन से पूरी सभा तालियों से गूंज उठी।

**पीएम मोदी और सीएम नीतीश की अनोखे अंदाज में हुई एंट्री :** किसान सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एंट्री अनोखे अंदाज में हुई। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार खुली जीप में सवार होकर सभा स्थल पर पहुंचे। यह देखकर चारों तरफ मोदी-मोदी और नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। लोगों ने पूरे जोश-उत्साह के साथ हाथ हिलाकर दोनों का अभिनंदन किया। पीएम मोदी व सीएम नीतीश ने भी हाथ जोड़कर किसानों व आम लोगों का अभिवादन किया।

**मंच पर ये रहे मौजूद :** समारोह में मंच पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व बिहार सरकार के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल, बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय, राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह आदि खास तौर से मौजूद थे।

### जनता के दिलों...

**163 करोड़ से रांची में स्थापित हो रहा यूनिटी मॉल :** राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड़ रुपये की लागत से राजधानी रांची में यूनिटी मॉल की स्थापना की जा रही है। इसकी स्थापना के लिए धुर्वा के कोर कैपिटल एरिया में जमीन उपलब्ध कराई गई है, जिसपर निर्माण कार्य जारी है। इसकी स्थापना से स्थानीय कारीगरों को एक छत के नीचे अपने उत्पाद को बढ़ावा देने की सुविधा मिलेगी। कोर कैपिटल क्षेत्र में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण किया जा रहा है।

**1.82 लाख किसानों की हुई ऋण माफी :** राज्यपाल ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.82 लाख किसानों का 403 करोड़ रुपये की ऋण माफी की गई है। इस वित्तीय वर्ष में दो लाख रुपये तक के स्टैंडर्ड ऋण कृषकों की ऋण माफी योजना शुरू की गई है, जिसके तहत अबतक 1.70 लाख किसानों के 366 करोड़ रुपये माफ किए जा चुके हैं।

**मंईयां सम्मान योजना में अबतक 3,252 करोड़ रुपये दिए गए :** राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना सरकार की महिला कल्याण के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। दिसंबर 2024 तक इस योजना में 56.61 लाख महिलाओं के खाते में राशि हस्तांतरित की गई है तथा इसपर 3,252 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

डुमरी विधायक जयराम महतो ने कहा कि जिन जन आकांक्षाओं के साथ सरकार बनी है, उसे पूरा होते हुए दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे पहले ही कह चुके हैं कि मंईयां सम्मान योजना कारगर नहीं होगी, आज ऐसा होता दिख रहा है।

### खूंटी में पांच...

इनमें से एक लड़की किसी प्रकार लड़कों के चंगुल से अपने को छुड़ाकर भाग निकली और गांव में जाकर कुछ लोगों को घटना की जानकारी दी।

**जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारी :** जानकारी मिलते ही कुछ लोग पीड़िता के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल के आसपास क्षेत्रों से अन्य चार पीड़िताओं को बरामद किया। घटना को अंजाम देने के बाद लड़कियों को धमकी दी गई थी कि अगर किसी को इस घटना के बारे में बताया तो अंजाम बुरा होगा। खूंटी एसपी अमन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना में शामिल सभी 18 आरोपित नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया गया है। एसपी ने कहा कि कुछ आरोपी पीड़िताओं के जान पहचान के हैं।

### जैक मैट्रिक परीक्षा...

एसआइटी गठन के बाद सभी जिलों की जांच एक साथ एसआइटी करेगी। बताते चलें कि 21 फरवरी की देर रात कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जमुआ इलाके में कई जगहों पर छापेमारी की थी। पुलिस ने वहां से चार लोगों को हिरासत में लिया था। इसके बाद उनको पूछताछ के लिए गिरिडीह के नगर थाना लाया गया। जमुआ से पकड़ाये चार संदिग्धों पर प्रश्नपत्र गिरिडीह के सिहोडीह के कुछ छात्रों को भेजने का आरोप है।

**परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमण करें डीइओः जैक** -जैक ने परीक्षा को लेकर सभी डीइओ को दिशा-निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि डीइओ लगातार अपने जिले के उपायुक्त के संपर्क में रहें। परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर अवांछित कंटेंट्स की जानकारी मिलने पर इसकी जानकारी अपने जिले के डीसी और साइबर सेल को दें। डीइओ को परीक्षा के दौरान लगातार केंद्रों का भ्रमण करने के लिए कहा गया है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं करने के लिए कहा गया है।

### पाक चैंपियंस ट्रॉफी...

पाकिस्तान अब बांग्लादेश के खिलाफ अपनी लाज बचाने मैदान पर उतरेगा। यह एक औपचारिक मुकाबला होगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। भारत को अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मार्च को खेलना है।

**न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया :** मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली टीम की सभी उम्मीदें बांग्लादेश पर टिकी थी। पाकिस्तान उम्मीद कर रहा था कि बांग्लादेश कीवी टीम को हरा देगा। फैंस पहले ही जानते थे कि बांग्लादेश के लिए कीवी टीम को हराना नामुमकिन है। रावलपिंडी में ठीक यही हुआ, क्योंकि मिशेल सेंटनर की अगुआई वाली टीम ने नजमुल हुसैन शंटो और उनकी टीम को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। न्यूजीलैंड ने 237 रनों का लक्ष्य 46.1 ओवर में हासिल कर लिया।

**बांग्लादेश की हार के बाद पाकिस्तान हारा :** न्यूजीलैंड से हार के बाद बांग्लादेश भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया। भारत और न्यूजीलैंड ने ग्रुप ए से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। 2 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच से यह तय होगा कि ग्रुप में कौन सी टीम टॉप पर रहेगी। भारत अपना सेमीफाइनल 4 मार्च को दुबई में खेलेगा, जबकि न्यूजीलैंड अपना सेमीफाइनल 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेलेगा। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहा है, लेकिन वह अब इस टूर्नामेंट में आगे नहीं बढ़ पाएगा।

**न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले ही मुकाबले में रौंदा था :** टूर्नामेंट में पाकिस्तान की शुरुआत ही खराब रही, क्योंकि टीम कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 321 रनों का पीछा करने में विफल रही। बल्ले से बाबर आजम ने अर्धशतक जरूर जड़ा, लेकिन स्लो पारी के लिए उनकी काफी आलोचना हुई। उन्होंने 90 गेंदों पर 64 रन बनाए। भारत के खिलाफ मुकाबले में भी बाबर का बल्ला नहीं चला। वह 23 रन बनाकर आउट हो गए। भारत ने पाकिस्तान के 242 रनों के लक्ष्य को 42.3 ओवर में हासिल कर लिया। विराट कोहली के बल्ले से 51वां वनडे शतक निकला।

### कोल्हान विवि में...

इस गंभीर मामले की त्वरित जांच करते हुए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया और राज्य के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की।

**प्रमुख आरोपी गिरफ्तार, 93 लाख रुपये किए गए फ्रीज :** पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 14 लाख 80 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि लगभग 93 लाख रुपये को डेबिट फ्रीज करवा दिया गया है और विश्वविद्यालय के खाते में उन्हें वापस जमा करने की प्रक्रिया चल रही है।

**संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी :** पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है और बाकी संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### टनल में फंसे...

इनमें झारखंड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के एक-एक श्रमिक शामिल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर, नागरकुरनूल और फंसे हुए झारखंड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गए अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है। श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स एलटीएस के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोजेक्ट में कार्य कर रहे हैं।

**लगातार ली जा रही है रिपोर्ट :** राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन एवं वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम भी वहां पहुंच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगी।

### रांचीः 24 घंटे के...

जिसमें सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार का तबादला करना पड़ा, वहीं नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को हटाना पड़ा। बता दें कि रांची जिले में 23 फरवरी को एसएसपी ने चार इंस्पेक्टर और तीन सब इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया था। इस आदेश में संशोधन करते हुए दो इंस्पेक्टर के पदस्थापन को बदला गया है।

इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को सदर थाना से तबादला करते हुए डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया था। लेकिन नये आदेश के बाद उन्हें फिर से सदर थाना प्रभारी बनाये रखा गया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस केंद्र में पदस्थापित रणजीत सिन्हा को सदर थाना प्रभारी बनाया गया था, लेकिन आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें टाटीसिलवे थाना प्रभारी बनाया गया।

इसके अलावा मनोज कुमार को नामकुम थाना प्रभारी बनाया गया। साथ ही नामकुम थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस लाइन में क्लोज किया गया। वहीं दीपिका प्रसाद को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है।

### केंद्र सरकार ने...

ऐसे में राज्य के भी राशन कार्ड धारकों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक माह का अतिरिक्त समय मिल जायेगा।

**झारखंड सरकार ने तय की थी ई-केवाइसी के लिए 28 फरवरी की तारीख :** इससे पहले झारखंड सरकार ने राज्य में ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 28 फरवरी तक की तिथि तय की थी। झारखंड में 61,03,667 परिवार के 2,63,86,726 सदस्यों का ई-केवाईसी कराना है। अब तक लगभग 65 प्रतिशत राशन कार्डधारियों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है।

**सरकार ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया को किया है अनिवार्य :** सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएच, एएवाई के अलावा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आनेवाले हरे राशन कार्ड और अन्य सभी कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। ताकि, वास्तविक लाभुकों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

### सरकारी कर्मचारियों को...

इस योजना के लामुक हो जाने के उपरांत भी राज्य सरकार के द्वारा ऐसे सभी सरकारी कर्मियों को देय चिकित्सा भत्ता प्रतिमाह 1000 रुपये में से 500 रुपये प्रति माह चिकित्सा मत्ता का भुगतान ओपीडी / जांच / दवा आदि के लिए पूर्ववत किया जाएगा। उक्त के अनुरूप मार्च, 2025 के वेतन विपत्र के माध्यम से 1000 रुपये प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता के स्थान पर 500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किया जाएगा।

ज्ञातव्य हो कि वित्त विभाग के 27 मार्च, 2018 के संकल्प के अनुसार राज्य सरकार के सरकारी सेवकों को 1000 रुपये प्रतिमाह नियत चिकित्सा भत्ता अनुमान्य है। अतः स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के उक्त संकल्प के आलोक में राज्य सरकार के सभी कर्मियों को मार्च, 2025 के वेतन विपत्र के माध्यम से नियत चिकित्सा भत्ता 1000 रुपये प्रतिमाह के स्थान पर 500 रुपये प्रतिमाह प्रदान करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

### युवा पीढ़ी के...

यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया गया है, क्योंकि अन्य चीजों के बारे में जानना भी महत्वपूर्ण है। अगर हम अपने कमरे से बाहर नहीं सोचेंगे, तो हमें पता ही नहीं चलेगा कि बाहर क्या हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बहुत लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में बहुत आपा-धापी चलती रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को खत्म करके पूरे देश को एक कर दिया। अब गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा आदि राज्यों की ही तरह कश्मीर भी है। अब कश्मीर के बच्चों का देश पर उतना ही अधिकार है, जितना दिल्ली के बच्चे का है। शाह ने युवाओं से सवाल किया कि ऐसा होना सही है या गलत।

शाह ने कहा कि पहले ये सिखाया जाता था कि कश्मीर हमारा है और इस पर हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि आप वहां जन्में हैं, तो वह आपका ही है, लेकिन इसके साथ ही 29 अन्य रियासतों पर भी आपका अधिकार हो। उन्होंने युवाओं से सवाल किया कि ऐसा होना उचित है या नहीं।

शाह ने कहा कि पिछले 10 साल से हम देश को दुनिया में शीर्ष पर ले जाने के लिए काम कर रहे हैं। पढ़ाई के लिए विदेश को वरीयता दिए जाने का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि 10 साल के बाद यह देश ऐसा बन जाएगा कि दुनिया भर के देशों के बच्चे भारत में शिक्षा के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि इससे यहां के बच्चों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर में पीने का पानी कभी नल से नहीं आता था लेकिन वहां अब 80 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंच रहा है।

शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे का आर्क ब्रिज बन गया है। इसके अलावा एशिया की सबसे बड़ी टनल, एकमात्र केबल ब्रिज, दो एम्स अस्पताल, दो आईआईएम, 24 बड़े कॉलेज और 8 विश्वविद्यालय बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ये सब चीजें अब तक जम्मू-कश्मीर में नहीं होती थीं, क्योंकि वहां पर बम धमाके और दहशतगर्दी थी। शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में पत्थरबाजी, बम धमाके और दहशतगर्दी बंद हो गई और स्कूल पूरा समय के लिए खुल गए।

### झारखंड के चतरा...

आक्रमण गंझू प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) का रीजनल कमांडर है। उस पर हत्या, रंगदारी और लेवी वसूली, पुलिस बल पर हमला, कंस्ट्रक्शन साइट पर हमले और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं।

**60 से भी अधिक नक्सल हमले करने का है आरोपी :** पूर्व में उसकी पुलिस के साथ कई बार मुठभेड़ भी हुई थी, लेकिन वह हर बार बच निकलता था। उसकी गिरफ्तारी की फिलहाल आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन, विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद अज्ञात ठिकाने पर पूछताछ कर रही है। आक्रमण गंझू पर पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग के साथ-साथ बिहार के गया के इलाके में भी प्राथमिकी दर्ज है। उस पर इन इलाकों में 60 से भी अधिक नक्सल हमले करने का आरोप है। वह सीसीएल की आम्रपाली और मगध कोल परियोजनाओं में टेरर फंडिंग का मास्टरमाइंड रहा है। गृह मंत्रालय के आदेश पर एनआईए ने उसके खिलाफ जांच शुरू की थी। आक्रमण गंझू को नक्सली संगठन में रविंद्र गंझू और आक्रमण जी के नाम से भी जाना जाता रहा है। वह चतरा जिले के लावालौंग थाना अंतर्गत सिलदाग गांव का रहने वाला है। पुलिस अलग-अलग मामलों में आक्रमण गंझू के घर पर छह से सात बार कुर्की जब्ती कर चुकी है।

**भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या में आया था नाम :** लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता राजेंद्र साहू की वर्ष 2023 में हुई हत्या के मामले में भी आक्रमण गंझू का नाम आया था। इस मामले में गिरफ्तार दो शूटरों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया था कि आक्रमण गंझू के कहने पर राजेंद्र साहू की हत्या की गई थी।

## शादी समारोह में मिले राज और उद्धव ठाकरे, मुंबई में हुई राजनीति हलचल तेज

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की अपने चचेरे भाई और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुंबई में एक विवाह समारोह आमना-सामना हो गया दोनों ने मुलाकात की, जिसके बाद महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों से पहले दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद सुलझने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक रूप से अलग हो चुके दोनों भाई रविवार शाम अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में एक साथ देखे गए। शादी समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे से राज ठाकरे ने मुलाकात की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मनसे और शिवसेना (यूबीटी) के बीच आगामी नगर निगम चुनावों, खासतौर पर आर्थिक रूप से समृद्ध बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनावों को ध्यान में रखते हुए आपसी मतभेद खत्म करने की संभावना बन सकती है। अभी तक नगर निकाय चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका था जब दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात हुई, जिससे दोनों दलों के बीच संबंधों में सुधार की अटकलें तेज हो गई हैं। राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना छोड़ दी थी और अपनी अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) का गठन किया था। पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा रही शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती थीं जबकि मनसे एक भी सीट नहीं जीत सकी थी।

## भागवत की स्वयंसेवकों से अपील, जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना मित्रता बढ़ाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के सभी स्वयंसेवकों से जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना विभिन्न समूहों के बीच मित्रता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान, संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के कल्याण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं। आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि सभी हिंदुओं को आपसी सम्मान और सहयोग के माध्यम से विभिन्न उपयोगों के लिए समान मंदिरों, श्मशानों और पानी को साझा करना चाहिए। भागवत ने जोर दिया कि समग्र रूप से समाज को पर्यावरण की रक्षा के लिए पानी संरक्षण, पौधे लगाने और प्लास्टिक के बर्तनों से बचने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हर भारतीय को खाद्य पदार्थ, आवास, यात्रा और यहां तक कि अपनी आत्म-अभिव्यक्ति से मेल खाने वाली भाषाएं अपनानी चाहिए। संघ प्रमुख ने फिर कहा कि नागरिकों को पारंपरिक सामाजिक मानदंडों का पालन करना चाहिए, भले ही कानूनी नजरिए से इसतरह के सभी नियमों को कानून नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी दैनिक गतिविधियों में विदेशी भाषाओं का उपयोग करने के बजाय मातृभाषा में बातचीत करनी चाहिए।

## भारत के खिलाफ पाकिस्तान-बांग्लादेश में पक रही नई खिचड़ी

नई दिल्ली।पिछले साल बांग्लादेश छोड़कर भारत में शेख हसीना के शरण लेने के बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़े, साथ ही मोहम्मद यूनुस की सरकार ने भारत को आंखे दिखाने शुरू कर दी। आलम यह है कि भारत को परेशान करने के लिए अब बांग्लादेश, पाकिस्तान से दोस्ती का हाथ बढ़ाने जा रहा है। उसी मुल्क से जिसने 50 साल पहले बांग्लादेशियों पर बेइंतहा जुल्म किए थे। इस ट्रेड एग्रीमेंट को फरवरी की शुरुआत में अंतिम रूप दिया गया, जब बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के जरिए 50,000 टन पाकिस्तानी चावल खरीदने पर सहमति व्यक्त की। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार, सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तान नेशनल शिपिंग कॉरपोरेशन (पीएनएससी) का जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर पहुंचेगा, जो समुद्री व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।साल 1971 की लड़ाई के बाद बांग्लादेश, पाकिस्तान से अलग हुआ था। लेकिन, अब भारत के साथ रिश्ते बिगड़ने के बाद बांग्लादेश ने फिर से पाकिस्तान को गले लगा लिया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान और बांग्लादेश ने 1971 के युद्ध और बंटवारे के बाद पहली बार डायरेक्ट ट्रेड फिर से शुरू कर दिया है, तथा सरकार द्वारा अनुमोदित पहला माल पोर्ट कासिम से रवाना हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में हो सकती है बारिश और बर्फबारी

### -मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में पारा 6 डिग्री पर पहुंचा, हल्की सर्दी का दौर शुरु

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कल यानी मंगलवार से दो दिन दिन बारिश और बर्फबारी का जताया है। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में 26 और 27 फरवरी को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी देखने को मिलेगा। इसके चलते पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 1 मार्च तक बारिश हो सकती है। हालांकि अधिकांश राज्यों में इस हफ्ते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में तापमान 6.1 डिग्री पहुंच गया है। प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर फिर आ गया है। दिन में ठंडी हवा चल रही है तो रात में ठंड हैं। रविवार की रात प्रदेश के तीन शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल गया। प्रदेश के पूर्वी जबलपुर, सागर, शहडोल-रीवा के साथ भोपाल संभाग में भी पारा लुढ़का गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी यानी 24-25 फरवरी को भी हल्की सर्दी का एहसास होगा। शनिवार-रविवार की रात प्रदेश के 3 शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

# थरूर को मनाने के लिए कांग्रेस ने चला बड़ा दांव: सीएम पद का दिया ऑफर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर वैसे लंबे समय से अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं लेकिन बढ़ती नाराजगी अनियंत्रित हुई तो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ही उन्होंने मोर्चा खोल दिया। बीते एक सप्ताह से आ रहे उनके बयान साफ संकेत दे रहे थे कि वे जल्द कांग्रेस छोड़ेंगे और दूसरी पार्टी में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस भी जानती है कि थरुर एक कददावर नेता हैं और पार्टी को उनकी जरुरत है। शायद यही वजह है की कांग्रेस ने उन्हे मनाना शुरु कर दिया है और मुख्यमंत्री का ऑफर भी दे दिया है।

चार बार कांग्रेस से सांसद रह चुके शशि थरूर ने हाल ही में केरल कांग्रेस में नेतृत्व के अभाव को लेकर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात कर अपनी भूमिका को लेकर चर्चा की, जिससे यह अटकलें और तेज हो गईं कि वह पार्टी से दूरी बना सकते हैं। हालांकि, केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सुधाकरण ने इस संभावना से इनकार किया और कहा कि थरूर न तो पार्टी छोड़ेंगे और न ही सीपीएम में शामिल होंगे।थरूर ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर कांग्रेस अगले विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है, तो वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में रहेंगे। उनका दावा है कि विभिन्न सर्वेक्षणों में उन्हें केरल में सबसे लोकप्रिय कांग्रेस नेता के रूप में दिखाया गया है। यह बयान कांग्रेस के राज्य नेतृत्व के लिए असहज करने वाला साबित हो रहा है। वहीं, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य रमेश चेन्निथला ने थरूर को दी गई जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें हमेशा प्रमुख भूमिकाएं दी हैं। चेन्निथला ने कहा, कांग्रेस को थरूर की जरूरत है, तभी तो उन्हें चार बार सांसद बनाया गया, केंद्रीय मंत्री पद दिया गया और पार्टी की शीर्ष संस्थाओं में शामिल किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर की पार्टी नेतृत्व से बढ़ती नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस में खुद को दरकिनार किए जाने की शिकायत की और यहां तक कह दिया कि अगर पार्टी को उनकी जरूरत नहीं है, तो उनके पास विकल्प मौजूद हैं। थरूर के इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।थरूर के हालिया बयानों ले लगता है कि कांग्रेस से उनका मोहभंग बढ़ रहा है। उनकी राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की मांग और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से पार्टी के अंदर खलबली मची हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के मुरलीधरन ने कहा कि थरूर को राष्ट्रीय राजनीति में युवा वोटरों को आकर्षित करने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जबकि केरल में पार्टी के स्थानीय नेता संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। हालांकि, थरूर के विकल्प वाले बयान के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वह किसी नई राजनीतिक राह की ओर बढ़ रहे हैं या फिर कांग्रेस नेतृत्व से अपनी भूमिका को और महत्वपूर्ण बनाने के लिए दबाव बना रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस आलाकमान इस मामले को कैसे संभालता है और थरूर अपने अगले कदम के तौर पर क्या फैसला लेते हैं।

### थरूर को लेकर कांग्रेस में नाराजगी

थरूर के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए के सुधाकरण ने उन्हें आगाह किया कि पार्टी लाइन से बाहर जाकर मीडिया में अपनी बात रखना सही तरीका नहीं है। सुधाकरण ने कहा, थरूर के पास अपनी गलतियों को सुधारने का समय है। मीडिया के माध्यम से पार्टी के खिलाफ बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण था। किसी को भी अपनी सीमाएं पार नहीं करनी चाहिए।

## बिहार में मोदी-नीतीश के चेहरे पर ही लड़ा जायेगा अगला विस चुनाव



पटना। बिहार में बीजेपी अकेले दम पर चुनाव लड़ती है। पार्टी आम तौर पर किसी एक चेहरे पर नहीं बल्कि कई चेहरों को प्रोजेक्ट कर चुनाव में उतरती है। केंद्र की राजनीति में नरेंद्र मोदी या इसके पहले अटल बिहारी वाजपेयी के चेहरे के साथ तो लड़ती है। 2025 के बिहार विधानसभा का चुनाव एक बार फिर मोदी-नीतीश के चेहरे पर लड़ा जाएगा और इसके संकेत पीएम नरेंद्र मोदी के सोमवार को एक कार्यक्रम से दिए। नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान नई योजनाओं के तोहफे से यह लगता रहा है कि बिहार से एनडीए का चेहरा नीतीश कुमार हैं, लेकिन बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान प्रदेश बीजेपी, नीतीश कुमार के पीछे नहीं दौड़ती बल्कि समाज के कई चेहरों को जिम्मेदारियों देकर एक सामाजिक चेहरा भले वह कई जाति विशेष का हो। आगामी विधान सभा चुनाव 2025 के सापेक्ष भी देखें तो भूमिहार समाज उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, कुशवाहा से सम्राट चौधरी, वैश्य चेहरे के रूप में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल को आगे कर एक जातीय समूह का चरित्र विकसित किया है। यादव के रूप में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, ब्राह्मण के रूप में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के रूप में सामने लाए हैं।

## कांग्रेस ने भूपेश बघेल को बनाया पंजाब का प्रभारी, पद संभालने से पहले लॉबिंग शुरु

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल 28 फरवरी को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वह 1 मार्च को कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। नए प्रभारी के आने से पहले गुरदासपुर सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मांग की है कि पार्टी में अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि कुछ नेता खुद को पार्टी से ऊपर समझते हैं। रंधावा प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के समर्थन में आ गए हैं। उनका कहना है कि राजा को पार्टी हाईकमान ने प्रदेश प्रधान बनाया है। सभी कांग्रेसियों को उनका सम्मान करना चाहिए। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी नेता का नाम नहीं लिया। जिनके खिलाफ वह कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि कपूरथला के विधायक राणा गुरजीत सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से राणा वड़िंग को पसंद नहीं करते हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें प्रधान बना दिया है। इसलिए वह पार्टी के फैसल को मानते हैं। अहम बात यह हैं कि पार्टी के नए प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पंजाब में चार्ज लेने से पहले ही कांग्रेस में खींचतान शुरू हो गई है। एक तरफ प्रदेश प्रभारी बनने को लेकर लॉबिंग चल रही है तो दूसरी तरफ अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठ रही है। रंधावा मानते हैं कि वर्तमान में 8 से 9 नेता प्रधानी के लिए दावेदार हैं। बता दें कि भूपेश बघेल 28 फरवरी को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वह 1 मार्च को पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला दौरा होगा। कांग्रेस में अनुशासनहीनता कोई नया मुद्दा नहीं हैं। 2021 में नवजोत सिंह सिद्धू ने तत्कालीन सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला था। यह लड़ाई इतनी प्रबल हुई की कैप्टन को सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। उसके बाद सिद्धू ने तत्कालीन सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ मोर्चा खोला। सिद्धू और चन्नी की लड़ाई के कारण कांग्रेस को 2022 में सत्ता गंवनी पड़ी। इसके बाद सिद्धू की जगह पार्टी ने राजा वड़िंग को प्रदेश प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी थी। तत्कालीन प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने सिद्धू को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन बाद में उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। ऐसे में अब सबकी नजरें बघेल पर टिकी हुई हैं।

## कांग्रेस में जल्द होगी संगठनात्मक सर्जरी, प्रियंका गांधी को मिलेगी जिम्मदारी !



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस कई राज्यों में चुनाव हार चुकी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का रिजल्ट जीरो रहा है। ऐसे में पार्टी के लिए लगातार हार चिंता का कारण बन रही है। यही वजह है कि कांग्रेस चुनाव प्रबंधन तंत्र मजबूत करने के लिए विचार विमर्श कर रही है। इसकी कमान प्रियंका गांधी को सौंपी जा सकती है।

कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में भी व्यापक बदलाव किए जाने की संभावना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'निष्क्रिय' सदस्यों को हटाने का फैसला कर लिया है। इनमें एके एंटनी, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा शामिल हैं। दरअसल, पार्टी नेतृत्व को 36 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी में कुछ नवनियुक्त पदाधिकारियों को शामिल करना है और इस वजह से कार्यसमिति में कुछ नई जगह बनानी होंगी। जयराम रमेश, गौरव गोगोई, रणदीप सुरजेवाला और चरणजीत सिंह चन्नी की भी जगह खाली हो रही है। गौरव गोगोई को असम में कांग्रेस का चेहरा बनाए जाने की संभावना है, जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव है। सुरजेवाला हरियाणा और चन्नी पंजाब में कांग्रेस इकाइयों का नेतृत्व करने की इच्छा रखते हैं। पिछले हफ्ते चन्नी का नाम एआईसीसी महासचिव के रूप में प्रस्तावित हुआ था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए हाथ जोड़ लिए कि उनकी ज्यादा दिलचस्पी तो पंजाब की राजनीति में है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी नेतृत्व रजनी पाटिल (हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की प्रभारी महासचिव), बीके हरिप्रसाद (हरियाणा), हरीश चौधरी (मध्य प्रदेश), गिरीश चोडनकर (तमिलनाडु और पुडुचेरी), अजय कुमार लल्लू (ओडिशा), के. राजू (झारखंड), मीनाक्षी नटराजन (तेलंगाना), सप्तगिरी शंकर उल्का (मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नगालैंड) और कृष्णा अल्लावरु (बिहार) को सीडब्ल्यूसी में शामिल करना चाहता है और इसलिए भी कुछ मौजूदा सदस्यों को हटाना जरूरी हो जाता है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के संविधान के अनुसार एआईसीसी महासचिवों को सीडब्ल्यूसी का सदस्य होना अनिवार्य है। इसी कारण इन पदाधिकारियों को पूर्णकालिक एआईसीसी महासचिव के बजाय 'प्रभारी' (इन-चार्ज) के रूप में नामित किया गया है। सीडब्ल्यूसी में शामिल होने के बाद वे पार्टी महासचिव के रूप में कार्य कर सकेंगे।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 6 मार्च तक स्थगित

**सुलतानपुर (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 फरवरी को सुनवाई की पिछली तारीख में शिकायतकर्ता से जिरह की गई थी। जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे हाजिरी माफी मांगते हुए आज अदालत में पेश नहीं हुए इसलिए न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख छह मार्च तय की है। यह मामला साल 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के बारे में गांधी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस मामले में स्थानीय भाजपा नेता मिश्रा ने परिवाद दायर किया था। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज के रहने वाले मिश्रा ने 2018 में दर्ज कराये गये मामले में आरोप लगाया था कि गांधी ने वर्ष 2018 में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जिससे उन्हें ठेस पहुंची है। पिछले पांच वर्षों में इस मामले में कई बार कार्यवाही हुई, लेकिन गांधी अदालत में पेश होने में विफल रहे। दिसंबर 2023 में वारंट के बाद गांधी अदालत में पेश हुए। फरवरी 2024 में कांग्रेस नेता ने समन का पालन किया और विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के मुचलकों पर जमानत दे दी। इसके बाद अदालत ने उन्हें अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया, जो कई बार स्थगन के बाद आखिरकार 26 जुलाई 2024 को पूरा हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए दावा किया था कि यह मामला उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

## किसानों को मनाने में कामयाब हुए शिवराज, निरस्त कर दिया दिल्ली कूच का प्लान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी लोकप्रियता और कार्यशैली के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। इस बार उन्होंने किसानों का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की है।

शनिवार को किसानों से चौहान ने बात की फिर खबर आई कि किसानों दिल्ली कूच का प्लान बदल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जल्द आगे की रणनीति के बारे में ऐलान किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के साथ चर्चा के बाद ही आगे का प्लान बताया जा सकता है। बता दें कि पिछले साल 13 फरवरी से ही यह किसान आंदोलन शुरू हुआ था। एक साल से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी किसान पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर डटे हुए हैं।

केंद्र सरकार की तरफ से बातचीत के लिए न्योता मिलने के बाद किसान मजदूर मोर्चा (केएमएस) अपनी योजना में बदलाव कर सकता है। किसान संगठन ने 25 फरवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान किया था। हालांकि इसी बीच केंद्र ने 19 मार्च को तीसरे चरण की बातचीत के लिए आमंत्रण भेज दिया है। किसान नेताओं के मुताबिक सरकार बातचीत को जारी रखना चाहती है। ऐसे में किसानों ने अपनी योजना बदल दी है। हालांकि उन्होंने कहा है कि प्रदर्शन जारी रहेगा।

शनिवार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंडीगढ़ में किसानों से बात की थी। किसानों की मांग है कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी दी जाए। इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर भी कृषि मंत्री ने बात की। अब अगले चरण की बातचीत 19 मार्च को होनी है। शनिवार को किसानों के साथ बैठक के बाद कृषि मंत्री चौहान ने कहा था कि किसान नेताओं के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और अगले दौर की वार्ता 19 मार्च को चंडीगढ़ में होगी। चौहान ने बताया कि केन्द्रीय दल ने बैठक के दौरान किसानों के समक्ष किसान कल्याण कार्यक्रम को रखा, जो नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, गुरमीत सिंह खुड्डियां और लाल चंद कटारूचक भी मौजूद थे।जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंढेर समेत किसानों का प्रतिनिधिमंडल पहले ही बैठक स्थल पर पहुंच गया था।

## दिल्ली में सीएम दफ्तर से हटाई गई डॉ आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर

### -पूर्व सीएम केजरीवाल और नेता विपक्ष आतिशी ने जताया विरोध



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि विधानसभा में सीएम रेखा गुप्ता के दफ्तर से संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर हटा दी गई है। पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि ये बीजेपी की दलित विरोधी राजनीति को दर्शाती है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार में अरविंद केजरीवाल के बतौर सीएम रहते हुए उनके कार्यकाल में हर सरकारी दफ्तर में डॉ आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर लगी थी, लेकिन आज जब हम दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता से मिलने विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में पहुंचे तो देखा कि दोनों ही तस्वीकर सीएम कार्यालय से हटा दी गई हैं, आप ने इसका विधानसभा में पुरज़ोर विरोध किया।

आप ने दावा किया कि सीएम कार्यालय में अब पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और महात्मा गांधी की तस्वीर लगी है। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी फोटो हटाने को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की तस्वीर हटाकर पीएम मोदी की फोटो लगा दी है ये सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि इससे बाबा साहेब आंबेडकर के करोड़ो अनुयायियों को ठेस पहुंची है। उनहोंने कहा कि मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप पीएम की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो तो मत हटाइए। उनकी फोटो लगी रहने दीजिए।

तस्वीरों को लेकर दिल्ली विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। आतिशी ने नए स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को बधाई देने के साथ कहा कि तस्वीरों को हटाना अपमानजनक है। इसको लेकर आप विधायक भी हंगामा करते दिखे। इसपर स्पीकर ने कहा कि शिष्टाचार संबोधन था। राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। मैं कड़े शब्दों में आतिशी के व्यवहार की निंदा करता हूं।

# यूपी चुनाव में क्या मुस्लिम समुदाय की हितैषी बनेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिला-शहर व ब्लाक स्तर तक नई कमेटियों का गठन होना है। कांग्रेस ने रणनीति के तहत बसपा पर भी हमला तेज किया है। दिल्ली चुनाव में सपा ने आप (आम आदमी पार्टी) का सहयोग कर जिस तरह कांग्रेस पर दबाव बनाने का प्रयास किया, उसके पलटवार में कांग्रेस मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनकर साइकिल की हवा निकालने की कोशिश करेगी।

राहुल गांधी ने रायबरेली में बसपा सुप्रीमो मायावती के दलित समाज के लिए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का हिस्सा न बनने को लेकर आलोचना भी की। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने वोटबैंक को लुभाने की जुगत में तो है पर मायावती पर सीधा हमला बोलकर खास वर्ग को नाराज भी नहीं करना चाहती। राहुल ने संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किए जाने का संदेश भी दिया। कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव में छोटे दलों को साथ मिलाकर अपनी राह तय करने का प्रयास करेगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बार प्रदेश कार्यकारिणी में 200 से अधिक पदाधिकारी होंगे। इनमें लगभग 20 उपाध्यक्ष, 40 महासचिव व 140 से अधिक सचिव होंगे। पार्टी महासचिव व सचिव को जिलों के बजाए विधानसभा वार जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिससे वह बूथ स्तर तक अपनी गतिविधियों को बढ़ा सके। प्रदेश, जिला व शहर कमेटियों के पुनर्गठन के लिए नामों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महाशिवरात्रि के बाद सूची लेकर दिल्ली जाएंगे, जहां प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से विमर्श के बाद सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी। होली तक नई कार्यकारिणी घोषित हो सकती है। पिछली प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नवंबर 2023 में हुआ था, जिसमें 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव व 76 सचिव शामिल थे।

कुशीनगर के हाटा स्थित मदनी मस्जिद में बुलडोजर चलाए जाने के बाद जिस तरह कांग्रेस अल्पसंख्यक वर्ग के समर्थन में खुलकर खड़ी हुई और सहयोगी दल सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष की भूमिका पर सवाल खड़े किए, उससे साफ है कि पार्टी आगे इस रणनीति को और धार देगी। दोनों दलों के बीच आगे खींचतान और बढ़ेगी। कांग्रेस की दूसरी नजर वंचित समाज पर है। इस एजेंडे को पूरा करने के लिए पार्टी नई प्रदेश कार्यकारिणी दलित-मुस्लिम के साथ पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने की तैयारी में है। सभी वर्गों को हिस्सेदारी देने के लिए कार्यकारिणी का स्वरूप भी बड़ा होगा।



# आध्यात्मिक पर्यटन का नया युग शुरू, लेकर आया नया बदलाव



## घरेलू हवाई यात्री यातायात में साल-दर-साल 14.5 प्रतिशत की वृद्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार भारत में घरेलू हवाई यात्री यातायात ने जनवरी 2025 में अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी। जनवरी में करीब 150.3 लाख यात्रियों ने घरेलू उड़ानों का सफर किया जो दिसंबर 2024 की तुलना में 0.7 प्रतिशत अधिक और जनवरी 2024 की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा जनवरी 2020 के पूर्व-कोविड स्तर से भी 17.9 प्रतिशत अधिक है।

**वित्त वर्ष 2025 के पहले 10 महीनों में वृद्धि** - 2025 के पहले 10 महीने (अप्रैल 2024 से जनवरी 2025) में घरेलू हवाई यातायात की कुल संख्या 1,372.1 लाख रही। यह 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और वित्तीय वर्ष 2020 की समान अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। वित्तीय वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में अंतरराष्ट्रीय यातायात 248.9 लाख यात्रियों तक पहुंच गया जो 14.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि और कोविड-पूर्व स्तर से 41.7 प्रतिशत अधिक है।

**एयरलाइन्स की क्षमता तैनाती** - रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जनवरी 2024 की तुलना में जनवरी 2025 में एयरलाइन्स ने अपनी क्षमता तैनाती में 10.8 प्रतिशत का विस्तार किया। हालांकि दिसंबर 2024 की तुलना में क्षमता में 1.2 प्रतिशत की कमी आई।

### यात्री भार कारक

घरेलू विमानन क्षेत्र ने जनवरी 2025 में 92.1 प्रतिशत का यात्री भार कारक हासिल किया जो जनवरी 2024 में 89.2 प्रतिशत और जनवरी 2020 में 85 प्रतिशत था। इसका मतलब है कि जनवरी में विमानों में अधिक सीटें भरी गईं जिससे एयरलाइन्स को अधिक मुनाफा हुआ।

### ईंधन की लागत में राहत

ईंधन की लागत जो एयरलाइनों के ऑपरेशनल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ राहत देखी गई। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें अप्रैल से जुलाई 2024 तक 5.3 प्रतिशत अधिक रही लेकिन अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक इसमें 14.7 प्रतिशत की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक एटीएफ की कीमतें पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.1 प्रतिशत कम थीं। वहीं भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र अब कोविड-पूर्व के स्तर से भी आगे बढ़ चुका है और वृद्धि के रास्ते पर है। एयरलाइन्स ने अपनी क्षमता में भी बढ़ोतरी की है और यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है। ईंधन की कीमतों में राहत मिलने से एयरलाइन्स को भी फायदा हो रहा है।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाकुंभ मेला 2025 भारत के आध्यात्मिक पर्यटन में एक नया बदलाव लेकर आया है। यह सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं का भव्य उत्सव है। महाकुंभ के आयोजन ने न केवल लाखों तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित किया बल्कि इसने आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र को भी एक नई दिशा दी है।

**महाकुंभ मेला- आध्यात्मिक पर्यटन का गेम-चेंजर** - वीआईटीएस कामट्स ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विक्रम कामत ने महाकुंभ को आध्यात्मिक पर्यटन में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा है। उन्होंने कहा, पहले आध्यात्मिक पर्यटन बुजुर्गों तक सीमित था लेकिन 2025 के महाकुंभ ने युवा पीढ़ी को भी आकर्षित किया है। अब वे भारत की आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ने के लिए इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

**बेहतर बुनियादी ढांचा और डिजिटल सुविधा** - महाकुंभ मेला अब पहले से कहीं अधिक समावेशी हो गया है। बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, लाइव-स्ट्रीमिंग और मोबाइल बुकिंग सुविधाओं ने इस आयोजन को दुनिया भर के यात्रियों के लिए आसान बना दिया है। हरीश खत्री ने इसे एक संरचित और तकनीकी रूप से सक्षम अनुभव बताया है जो विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए आकर्षक है।



### आध्यात्मिक पर्यटन का विस्तार

महाकुंभ अब केवल भारत में नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है। यह भारत को आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने में मदद कर रहा है। इसके माध्यम से भारत की आध्यात्मिक परंपराएं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान बना रही हैं।

### विदेशी यात्रा में वृद्धि

भारत में बढ़ते आध्यात्मिक पर्यटन के साथ भारतीय भी अब विदेशों में आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए यात्रा कर रहे हैं। श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, और जापान जैसे देशों में भारतीय पर्यटकों की संख्या बढ़ी है जो अपनी धार्मिक यात्रा पर जाते हैं। श्रीलंका में रामायण ट्रेल पर भारतीय पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जबकि बौद्ध स्थल जैसे लुंबिनी भी भारतीयों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### आध्यात्मिक पर्यटन का भविष्य

आध्यात्मिक पर्यटन सिर्फ धार्मिक स्थलों की यात्रा नहीं बल्कि जीवन के परिवर्तन के बारे में है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पर्यटन का एक नया दौर शुरू हो चुका है जहां लोग आध्यात्मिकता को आधुनिक जीवनशैली के साथ जोड़कर गहरे अनुभव की तलाश कर रहे हैं। वहीं कहा जा सकता है कि महाकुंभ मेला 2025 ने आध्यात्मिक पर्यटन को एक नई दिशा दी है और यह साबित कर दिया है कि भारतीय आध्यात्मिकता का प्रभाव सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है बल्कि यह विश्वभर में फैल चुका है।

### महाकुंभ का वैश्विक प्रभाव

महाकुंभ का असर सिर्फ आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि आर्थिक और वैश्विक भी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे न केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण हुआ बल्कि हजारों नौकरियां भी उत्पन्न हुई हैं। महाकुंभ से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व मिलने की उम्मीद है जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## यूजर्स को सर्विस प्रोवाइडर बदलने पर नहीं खरीदना होगा सेट-टॉप बॉक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर के सेट-टॉप बॉक्स उपयोगकर्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उन्हें सर्विस प्रोवाइडर बदलने पर नया सेट-टॉप बॉक्स खरीदने की जरूरत नहीं होगी। पहले टाटा स्काई से एयरटेल या किसी अन्य सेवा प्रदाता में शिफ्ट होने पर ग्रहाकों को अपना सेट-टॉप बॉक्स भी बदलना पड़ता था लेकिन अब इस झंझट से छुटकारा मिल गया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने विभिन्न प्रसारकों के बीच एक ही सेट-टॉप बॉक्स के इस्तेमाल और बुनियादी ढांचे को साझा करने की सिफारिश की है। इसके अलावा ट्राई ने आईपीटीवी सेवा प्रदाताओं के लिए न्यूनतम कुल संपत्ति की आवश्यकताओं को भी कम करने की बात कही है। इस फैसले से उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और अतिरिक्त खर्च से भी बचा जा सकेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे कम करने की कवायद

सिफारिशों में उपभोक्ता के लिए टेलीविजन चैनल वितरण सेवाओं के विकल्प बढ़ाने और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करने के लिए विभिन्न सेवाप्रदाताओं के लिए एक ही सेट-टॉप बॉक्स के इस्तेमाल की बात कही गई है। इसके साथ ही ट्राई ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए आईपीटीवी सर्विस देने की न्यूनतम नेटवर्थ 100 करोड़ रुपए की शर्त को हटाने की भी सिफारिश की है। साथ ही रेडियो ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाने पर जोर दिया है।

## सदर मंजिल हैरिटेज के साथ एटमॉस्फियर कोर ने भारत में भव्य शुरुआत की



**भोपाल।** एक प्रतिष्ठित ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी, एटमॉस्फियर कोर ने 22 फरवरी, 2025 को अपने पहले कपल्स-ओनली रिजॉर्ट, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल की शुरुआत के साथ भारत में प्रवेश किया है। सदर मंजिल का उद्घाटन शनिवार 22 फरवरी 2025 को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। इसके साथ ही मेहमानों के लिए इस होटल की आधिकारिक शुरुआत जल्द ही की जाएगी। ऐतिहासिक भोपाल और जीवंत नए भोपाल के बीच महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सदर मंजिल हैरिटेज में इतिहास का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 19वीं सदी में बेगमों और नवाबों की सभा के लिए इस्तेमाल होने वाले इस ग्रांड हॉल एवं आवास को रिस्टोर करके कपल्स के लिए एक लग्जुरियस रिट्रीट बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल विरासत इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश राज्य की समृद्ध पहचान और गौरव का प्रमाण है। 126 साल के इतिहास और विरासत को फिर से जीवंत करके, आइए हम सभी अपने अतीत की इस शानदार याद को गले लगाएं और जश्न मनाएं। अक्षत जैन, सीईओ आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, 卐भारत में अवार्ड-विनिंग एटमॉस्फियर होटल्स एंड रिजॉर्ट्स ब्रांड लाने का यह उपयुक्त समय है। मालदीव के इनोवेटिव हॉस्पिटैलिटी कॉन्सेप्ट्स और स्थानीय विरासत का यह मिलन सदर मंजिल में एक बेजोड़ और नया अनुभव पेश करता है। भारत में बुटीक लग्ज़री के इस नए अनुभव के बारे में श्री विनोद यदुवंशी, डायरेक्टर, आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि सदर मंजिल का ऐतिहासिक वैभव उन सैलानियों को बहुत पसंद आएगा, जो रोमांस, अंतर्राष्ट्रीय लग्ज़री, और बीते हुए समय की सुंदरता का अनुभव लेना चाहते हैं।'' इस प्रॉपर्टी में एंटीक फर्नीचर के साथ 22 आकर्षक विंटेज रूम्स और सुइट्स हैं, जो शानदार टुर्कोईज़ और क्रीम कलर्स में फिनिश किए गए हैं। यहाँ हर स्टे की शुरुआत एक नफीस वैलकम से होती है। सबसे पहले एयरपोर्ट पर पारंपरिक रूप से अभिवादन किया जाता है, उसके बाद शवाफर सिटी ड्राईव कराता है, और मैंशन के गेट पर गुलाब की पंखुड़ियों से मेहमानों का स्वागत किया जाता है। अब यह बेगम के खुशनुमा प्लान के साथ भारत के लिए अनुकूलित किया गया है। इसमें स्टे की अवधि के आधार पर लग्जुरियस एकोमोडेशन, एयरपोर्ट से आवागमन, शाकाहारी ब्रेकफास्ट और डिनर, अनलिमिटेड प्रीमियम स्पिरिट्स एवं वाईन, हाई-टी, लाईव म्यूजिक एवं डांस, शैम्पेन टूर, और स्पा ट्रीटमेंट शामिल हैं।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में मिला बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है।

श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।



## भारतीय स्टील कंपनियों पर चीनी स्टील का दबाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन से सस्ते स्टील के बढ़ते आयात के कारण भारतीय स्टील कंपनियों को भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार जल्द ही चीन से आने वाले सस्ते स्टील पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने पर विचार कर रही है। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने बताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और इंडस्ट्री के अनुरोध पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है। टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारतीय बाजार में चीनी स्टील का बढ़ता आयात कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके अलावा, अमेरिका में स्टील आयात पर संभावित टैरिफ वृद्धि से हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टील एसोसिएशन ने पहले ही डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडी को आवेदन दिया है, जिस पर विचार किया जा रहा है। नरेंद्रन ने यह भी कहा कि भारत स्टील उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे अच्छी जगहों में से एक है, क्योंकि यहां आधुनिक स्टील प्लांट और लौह अयस्क का बड़ा भंडार मौजूद है। लेकिन चीनी कंपनियां कम कीमतों पर स्टील बेचकर भारतीय उद्योग को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि चीनी स्टील इंडस्ट्री घाटे में है और वहां की सरकारी कंपनियां नुकसान झेल रही हैं, जबकि भारत में स्टील इंडस्ट्री का संचालन निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति आयात पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को लागू करते हैं, तो इससे टाटा स्टील को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान होगा। कंपनी अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं से अमेरिकी बाजार में भी स्टील निर्यात करती है, जो नए टैरिफ से प्रभावित होगा।

## टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

● आपके लिए रिटायरमेंट वेल्थ को बढ़ाने का एक स्मार्ट तरीका ● सुरक्षित और समृद्ध रिटायरमेंट की योजना बनाने वालों के लिए एक अनूठा अवसर

**मुंबई एजेंसी।** लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की ज़रूरत बढ़ती जा रही है। पारंपरिक बचत साधन, सुरक्षित हैं, लेकिन आधुनिक निवेशकों की गतिशील ज़रूरतों को पूरा करने में अक्सर असफल हो जाते हैं। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं।

रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के ज़रिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाज़ार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है। इस फंड में निवेश करके, पॉलिसीधारक निम्नलिखित लाभ उठा सकते हैं-

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के मुख्य निवेश अधिकारी श्री हर्षद पाटील ने कहा- आज रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक बेहतर, अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि से लाभ उठाना चाहते हैं। गति और गुणवत्तापूर्ण निवेश को मिलाकर, हमारा लक्ष्य जोखिम को बेहतर समायोजित करते हुए रिटर्न प्रदान करना है, जिससे हमारे पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके। भारत की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विस्तार के लिए तैयार होने के साथ, यह फंड पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को सुरक्षित करते हुए देश की विकास कहानी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

## शेयर बाजार इस हफ्ते वापसी करने में रहेगा सफल

**नई दिल्ली एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

**क्या सोच रहे हैं एक्सपर्ट्स** - मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिसर्च हेड, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

## पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3 प्रतिशत तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं। स्प्लिट फ्यूल कार ने वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के विभिन्न हिस्सों को शक्ति प्रदान करने वाले दो ईंधन टैंक को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया है। यह एक पारदर्शी प्रदर्शन है कि कैसे जियो-बीपी में सक्रिय तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन वाला पेट्रोल और साधारण पेट्रोल अलग-अलग तरीके से काम करता है। बोरस्कोप इमेजिंग (मानव शरीर के अंदर देखने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) के साथ, प्रदर्शनी में साधारण पेट्रोल के लिए महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर उच्च जमाव का निर्माण दिखाया गया, जो अनिवार्य रूप से कम ईंधन दक्षता का कारण बनेगा। यह देखते हुए कि इंजन समान परिस्थितियों में एक ही कार में चल रहा है, यह सक्रिय तकनीक संचालित ईंधन के साथ संचालन के लाभ का प्रमाण है।




# सफलता ले इंफॉर्मेसन, एनालिसिस आउर एप्लीकेसन जरूरी

## जिला अस्तरीय रोजगार सृजन मेला में 363 झन के मिललक ऑफर लेटर

## केऊ काम के करेक ले नींव के मजबूत करेक जरूरी

सोनू सपरवार

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन कहलयं कि सफलता ले इंफॉर्मेसन, एनालिसिस आउर एप्लीकेसन जरुरी आहे। सफलता कर केऊ सोर्टकट नई होवेला। इकर ले कड़ा मेहनइत जरूरी होवेला। बर्तमान दौर प्रतिजोगिता कर आहे। तकनीक कर बिस्तार होय हे। अइसन में पढ़ेक, सीखेक आउर माहौल से खुद के बेहतर बनायेक कर जरुरत आहे। केऊ भी काम के करेक ले नींव के मजबूत करेक जरूरी आहे। नींव के मजबूत करेक ले मेहनत बहुते जरुरी आहे। उपायुक्त 24 फरवरी के 4था जनजातीय गौरव दिवस में स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 में जुवक-जुवतिमन के मार्गदरसन करत रहयं। मेला कर आयोजन ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार कर स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी कर दन से बेरोजगार जुवामन के बेहतर भविस प्रदान करेक ले दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना कर अंतर्गत आयोजित रहे। मेला में 363 के ऑफर लेटर मिललक।

**सोसल मीडिया कर सदुपयोग करें :** उपायुक्त अनुसासन पूर्बक सोसल मीडिया कर सदुपयोग करते जीवन सइली के बेहतर बनायेक कर सीख देलयं। संगे समूह में अध्ययन करेक ले प्रेरित करलयं। ऊ एआई तकनीक, चैट जीपीटी आदि तकनीक कर प्रजोग आउर उकर सकारात्मक प्रभाव से जिनगी के



बेहतर बनायेक ले प्रेरित करलयं। ऊ कहलयं कि जे लखे तकनीक कर बिस्तार होवत हे, वैसे में तकनीक कर संगे चलेक होवी।

**मेला कर दौरान 1440 झन कर पंजीकरन :** रोजगार मेला में बिभिन्न कंपनीमन ले चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो. रजा, साजीद, राणा गोपाल के सांकेतिक रूप से मुध मंच से ऑफर लेटर प्रदान करल गेलक। इकर संगे रोजगार मेला कर दौरान 363 गो जुवक-जुवतिमन के बिभिन्न कंपनीमन में रोजगार ले ऑफर लेटर प्रदान करल गेलक। रोजगार मेला कर दौरान 1440 गो जुवक-जुवतिमन कर पंजीकरन करल गेलक। इनके रोजगार उपलब्ध करुवायेक ले इनकर जोग्यता कर अनुरूप 754 झन के सोर्ट लिस्ट करल जाए चुइक हे। अन्य आवेदकमन कर आवेदन कर जांच करल जात हे, ताकि उनकर जोग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान करल जाए सके।

**सफलता ले मेहनत करेक जरूरी :** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार कहलयं कि सफलता ले मेहनइत जरुरी आहे। कर्म ही पूजा हेके, इकर अनुसरन हमिन सउब के करेक चाही। ऊ जुवक-जुवतिमन के रोजगार कर दिसा में कदम बढ़ायेक ले प्रेरित करते कहलयं कि रोजगार ले जायेक से पहिले का-का प्रमान पत्र, दस्तावेज कर जरूरत होवी, इकर मूल्यांकन कर संगे रइख लेउ, ताकि आवसकता अनुसार उके तुरते प्रस्तुत करल जाए सके। ऊ भी जुवक-जुवतिमन के तकनीक कर संगे आगे बढ़ेक कर सुझाव देलयं। ऊ आवसयक दस्तावेज आउर प्रमान पत्र के डिजिटल लॉकर में रखेक आउर तकनीक कर सदुपयोग करेक ले प्रेरित करलयं।

**जनकल्यानकारी जोजनामन कर देलयं जानकारी :** श्रम अधीक्षक-सह-श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास बिभाग कर पदाधिकारी एतवारी महतो सरकार कर दान से संचालित जोजनामन कर जानकारी देलयं। ऊ बेरोजगार जुवक-जुवतिमन ले परसिछन केन्द्र कर बारे में बतालयं। ऊ कहलयं कि झारखंड सरकार द्वारा माइग्रेसन सेंटर खोलल जाय हे, जहां परसिछन देइ के जुवामन के रोजगार से जोड़ेक हय। ऊ बिरसा योजना संगे सरकार कर आउर जनकल्यानकारी जोजनामन कर



बारे में जानकारी देलयं।

**रोजगार आपने कर दूरा में आए हे :** जेएसएलपीएस कर राइज मुख्यालय से पहुंचल प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी कहलयं कि हर बछर रोजगार मेला कर आयोजन करल जायेला। हियां मेला आयोजित होय हे, कंपनी आए हे। अथार्त रोजगार आपने कर दूरा आय हे। जुवक-जुवतिमन के परसिछन देवल जाय हे। उनकर हुनर, स्कील कर अनुरूप रोजगार आउर बेतन प्राप्त होवी।

**रोजगार उपलब्ध करुवायेक कर बेहतर मंच :** जेएसएलपीएस कर डीपीएम अनीता केरकेट्टा सउब कर सोवागत करलयं। ऊ कहलयं कि जेएसएलपीएस कर माध्यम से पलामू में 18549 गो स्वयं सहायता समूह बनाल जाए हे। हुवें 1310 गो ग्राम संगठन आउर 60 गो संकुल संगठन आहे। इकर से 2 लाख 2 हजार से बेसी परिवार जुड़ल हेके। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना कर माध्यम से परसिछन दिलवाय के सउब के रोजगार से जोइड़ के आर्थिक इस्थिति बेहतर बनायेक कर दिसा में काम करल जात हे। ऊ कहलयं कि परसिछन कर अलावा जुवामन के समय-समय में केंद्र आउर राइज सरकार कर द्वारा रोजगार मेला कर आयोजन करल जायेला, जेकर में प्रतिष्ठित कंपनीमन के आमंत्रित किया जायेला।

**परसिछन देइ के रोजगार मुहैया कराल जायेला :** जुवामन के कौसल बिकास आउर रोजगार आउर स्वरोजगार सुनिश्चित करेक ले सरकार कर द्वारा ढेइरे जोजना चलाल जात हे। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना उकरे में से एक हेके, जे ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस कर द्वारा संचालित आहे। ई जोजना कर तहत ग्रामीन छेतर करत 18 से 35 बछर कर जुवामन के, जे केऊ कारन बस आपन पढ़ाई पूरा नई करे पारलयं, उनके बिभिन्न ट्रेड में परसिछन देइ के रोजगार मुहैया कराल जायेला।

**4100 जुवामन के कराल जाए हे परसिछन :** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना कर तहत पलामू कर करीब 4100 गो जुवामन के सिलाई मसीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, फील्ड तकनीसियन, वेयरहाउस पैकर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव जैसन बिभिन्न ट्रेड में परसिछित करल जाय हे। हुवें लगभग 2600 गो परसिछित जुवा देस कर बिभिन्न कंपनी में काम करत हयं। कार्जकरम कर दौरान बिभिन्न नियोक्तामन भी जुवक-जुवतिमन के प्रेरित करलयं।

**उत्कृस्ट काम करेक वाला सम्मानित :** रोजगार कर छेतर में लछ कर बिरुद्ध बेहतर परदरसन करेक वाला परखंड के पहिल, दूसर आउर तीसर रूप में सम्मानित करल गेलक। पहिल अस्थान में हुसैनाबाद, दूसर अस्थान में हैदरनगर आउर तीसर अस्थान में मोहम्मदगंज परखंड रहलक। इनके बीपीएम के मोमेंटो आउर परसस्ति पत्र देइ के सम्मानित करल गेलक।

**कार्जकरम में इनकर रहे उपस्थिति :** कार्जकरम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, जेएसएलपीएस कर राइज मुख्यालय कर प्रोग्राम मैनेजर 'नियोजन' साईं दत्ता मुखर्जी, प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी, जेएसएलपीएस पलामू कर जिला वित प्रबंधक इमरान अहमद, जिला प्रबंधक स्किल आउर जॉब नवल किशोर राजू, सोसल मोबिलाइजर प्रबंधक अख्तर अंसारी, जिला समन्वयक स्किल आउर जॉब संदीप मिश्रा संगे सउब परखंड कर बीपीएम, सीसी, जॉब रिसोर्स पर्सन आउर बड़ संख्या में परसिछित आउर अपरसिछित जुवक-जुवती आउर नियोक्तागन उपस्थित रहयं।

## नागपुरी कविता

### ओह ! रे पेयार



अभिजीत कुमार

ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार
राधा कर भी टूटलक आस,
मूदा कान्हा रहयं हमेसा पास
बिछइड के भी रहयं खास
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 11।
दुइयो में बढ़लक दुरी,
हाय ! रे कइसन आलक मजबूरी
याइद आवे घुरी घुरी
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 12।
कन्हैया-राधा पेयार करेक सिखाय गेलक,
मरयादा में कइसे रहेक सिखाय गेलक
पेरेम कर इतिहास लिखाय गेलक
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 13।
पेयार करू तो राधा कृष्ण जइसन,
दुःख उठाइक पडेला कइसन कइसन
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 14।
इनकर पेयार नइ रहय आम,
कान्हा कर जुबां मे रहयं हमेसा राधा नाम
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 15।
आइज काइल कलजुग कर असर हय,
छोड़ा छोड़ी छोड़लयं नइ कोइ कसर हय
फेसबुक,इनस्टा, वाटसप में ही गुजर बसर हय
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 16।
इ कइसन है एहसास,
केकरू परती रहेला खास,
मूंदा नइ होइ पारेला पास
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 17।
कतना कतना रहेला आस,
छुटल पाछे बइन जाएना देवदास
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 18।
बनाउ भविष्य तो मिली साथ,
नइ तो पइसा वाला माइंग लेबयँ हाथ
ओह ! रे पेयार,इ कइसन हय यार 19।

(पीएच.डी रिसर्च स्कॉलर)
जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची

# ग्रेस वैली इस्कूल कर बारसिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**रांची।** ग्रेस वैली इस्कूल कर बारसिक उत्सव बड़ हर्षोल्लास आउर उत्साह कर संगे 24 फरवरी के मनाल गेलक। कार्जकरम में इस्कूल कर प्राचार्य साबिर हुसैन कर संगे मुध गोतिया मो मोईन बिसेस रूप से उपस्थित रहयं। बिसिस्ट गोतिया असफाक़ खान, जुल्फिकार खान, सुहैल खान, लाल मोहम्मद खान, अयाज खान, फारुक खान, हेरचू उरांव, नंदन उरांव, तौहीद खान, हाफिजुल अंसारी आउर उलातू कर मुखिया सुनीता देवी रहयं।

कार्जकरम में छात्रमन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देलयं। इकर में नृत्य, संगीत, नाटक आउर बिभिन्न सैछनिक गतिबिधि सामिल रहे। बिद्यालय कर प्रतिभासाली छात्रमन आपन कला कर अद्भुत परदरसन कइर के उपस्थित दरसकमन के मंत्रमुग्ध



कइर देलयं। मुध गोतिया छात्रमन के कड़ी मेहनत, आत्मबिश्वास आउर अनुसासन कर महत्व कर बारे में बतालयं। ऊ छउवामन के जिनगी में सफल होवेक ले सकारात्मक सोच आउर निरंतर प्रयास करेक कर प्रेरना देलयं।

प्राचार्य साबिर हुसैन कहलयं कि अइसन आयोजन से छउवामन कर आत्मबिश्वास बढ़ेला। उनकर प्रतिभा के निखारेक कर अवसर मिलेला। मुखिया सुनीता देवी बिद्यालय कर बिकास आउर सिछा कर छेतर में होवेक वाला सकारात्मक प्रयास कर सराहना करलयं।

कार्जकरम कर अंत में उत्कृस्ट परदरसन करेक वाला छात्रमन के पुरस्कार प्रदान करल गेलक। पूरा आयोजन में बिद्यालय कर सिछकमन आउर कर्मचारीमन कर महत्वपूर्न भूमिका रहे। ई उत्सव बिद्यालय कर गौरवसाली इतिहास में एगो आउर याइदगार अध्याय जोड़ल गेलक।

# एसएस मेमोरियल कॉलेज कर बिद्यार्थीमन करलयं 'उलगुलान' कर अवलोकन

- बिरसा मुंडा फन पार्क आउर रिलेशंस कर संजुक्त तत्वावधान में आयोजन

**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज कर बीसीए बिभाग कर बिद्यार्थीमन ले बिरसा मुंडा फन पार्क आउर रिलेशंस कर संजुक्त तत्वावधान में 'उलगुलान' नाव कर कार्जकरम कर आयोजन करलक। इकर उद्देस बिद्यार्थीमन के भगवान बिरसा मुंडा कर संघर्स, उनकर सामाजिक उत्थान कर प्रयास आउर उनकर बलिदान से अवगत करुवायेक रहे। ई कार्जकरम कर अंतर्गत बिद्यार्थीमन बिरसा मुंडा म्यूजियम कर भ्रमन करलयं। उनकर जिनगी उपरे आधारित फिलिम कर अवलोकन करलयं, जेकर से उनके भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकर अमूल्य जोगदान कर गहन ज्ञान प्राप्त होलक।

**बिरसा मुंडा कर संघर्स कर सजीव अनुभव :** बिद्यार्थीमन के 120 बछर पहिले ऊ ऐतिहासिक



जेल परिसर कर भ्रमन करेक कर अवसर मिललक, जहां ब्रिटिश सासन भगवान बिरसा मुंडा के कैद कइर रहयं। बिद्यार्थीमन बैरक संख्या 9 में प्रवेस कइर के भगवान बिरसा मुंडा कर प्रतिमा में माल्यार्पन करलयं आउर उनके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करलयं। ई छन अत्यंत भावुक करेक वाला रहे, काले कि ओहे अस्थान में कहियों ऊ महान जोद्धा आपन अदमीमन कर अधिकार कर रछा ले संघर्स कइर रहयं।

**कार्जकरम में इनकर रहे उपस्थिति :** कार्जकरम में एसएस मेमोरियल कॉलेज कर प्राचार्य प्रो. बी.पी. वर्मा, बी.सी.ए. बिभाग कर प्रो. शिबली अख्तर, जेल पार्क कर संचालक आर्यन चोपड़ा आउर रिलेशंस कर निदेसक आशुतोष द्विवेदी मौजूद रहयं। गोतियामन भगवान बिरसा मुंडा कर संघर्स, उनकर समाज सुधार में जोगदान आउर उनकर आदर्स उपरे बिस्तृत प्रकास डाललयं। कहलयं कि भगवान बिरसा मुंडा खली एगो क्रांतिकारी नई रहयं, बलकि ऊ सामाजिक जागरूकता, साहस आउर नेतृत्व कर प्रतीक रहयं। ऊ आपन अदमीमन कर अधिकार ले अंग्रेजी सासन कर बिरुद्ध 'उलगुलान' (विद्रोह) छेइड़ रहयं।

**लाइट आउर साउंड सो कर प्रस्तुति :** कार्जकरम कर एगो आउर परमुख बिसेसता रहे लाइट आउर साउंड सो, जेकर माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा कर जिनगी से जुड़ल महत्वपूर्न घटनाक्रम कर प्रभावसाली परदरसन करल गेलक। ई सो में उनकर जनम, बचपन, संघर्स, उनकर आंदोलन कर पृष्ठभूमि, अंग्रेजमन कर खिलाफ उनकर प्रतिरोध, उनकर गिरफ्तारी, बलिदान आउर उनकर अमर बिरासत के अत्यंत सजीव तरीका से प्रस्तुत करल गेलक। ई दृश्यावलोकन एतई प्रभावी रहे कि कतई बिद्यार्थी भावनात्मक रूप से प्रभावित होलयं आउर उनकर आंइख से आंसू छलइक गेलक।

**बिसेस परदरसनी कर अवलोकन करलयं :** बिद्यार्थीमन 'उलगुलान से विरासत तक' नाव कर बिसेस परदरसनी कर भी अवलोकन करलयं, जेकर में भगवान बिरसा मुंडा कर एगो साधारन जुवक से महान नायक आउर 'भगवान' कर रूप में प्रतिष्ठित होवेक कर ऐतिहासिक जात्रा के दरसाल जाय रहे। ई परदरसनी बिद्यार्थीमन ले एगो प्रेरनास्रोत बनलक, जेकर से ऊ नेतृत्व, न्याय आउर साहस कर सच्चा मायना समझयं।

**बिद्यार्थीमन कर सक्रिय भागीदारी :** ई कार्जकरम में युवराज सिंह, अंकित पांडेय, आकांक्षा कुमारी, अंशु सिन्हा, सृष्टि कुमारी, सौरभ सुमन कुमार, सत्यम कुमार, राहुल कुमार पाठक, रीशु राज, आयुष अरिहंत संगे कतई आउर बिद्यार्थीमन सक्रिय रूप से भाइग लेलयं। ई सउब कार्जकरम से मिलल प्रेरन आउर सीख के आपन जिनगी में आत्मसात करेक कर प्रतिबद्धता बेक्त करलयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com